* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 274




# सबके बजट में विकसित भारत की झलक

- करदाताओं को राहत तो युवाओं को रोजगार
- महिलाओं को आत्मनिर्भर और किसानों को लाभ
- आर्थिक कॉरिडोर बनेंगे, तो ग्रामीण सड़क भी सुधरेंगे
- बिहार-आंध्र को विशेष पैकेज तो झारखंड को भी फायदा

## केंद्रीय बजट 2024-25 संसद में पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। इसे सबका बजट और सबके लिए बजट कहा जा सकता है। इसमें मिडिल क्लास को राहत देने का प्रयास किया गया है। करदाताओं को थोड़ी राहत मिली है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है, तो युवाओं को इंटर्नशिप और रोजगार का तोहफा दिया गया है। किसानों के लिए राहत की बात है, तो कारोबारियों के लिए मुद्रा लोन को बढ़ा दिया गया है। बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया गया, तो झारखंड को भी फायदा दिख रहा है। इतना ही नहीं, बजट में विकसित भारत की झलक भी दिख रही है, जिसे सरकार की नौ प्राथमिकताओं के रूप में आंका जा सकता है।

**वित्तीय घाटा 4.9 फीसदी दिखाया गया:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट अनुमान जो पेश किया है, उसके अनुसार 32.07 लाख करोड़ रुपये ऋण को छोड़कर प्राप्त होंगी। वहीं, कुल व्यय 48.21 लाख करोड़ रुपये का अनुमान है। सकल कर से प्राप्ति 25.83 लाख करोड़ रुपये है, तो वित्तीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य घाटे को अगले साल 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है। मुद्रास्फीति कम, स्थायी और 4 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर जारी है। कोर मुद्रास्फीति (गैर-खाद्य, गैर-ईंधन) 3.1 प्रतिशत है।

**करदाताओं को मिलेगा लाभ:** वित्त मंत्री ने करीब चार करोड़ लोगों को टैक्स से जुड़े लाभ होने की बात कही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और मुकदमेबाजी कम करने के प्रयासों को जारी रखेगी। वित्त मंत्री के अनुसार नये एलानों से चार करोड़ लोगों को नयी कर प्रणाली में 17,500 रुपये तक का लाभ होगा। वित्त मंत्री ने पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया है। सरकार के इस फैसले से देश के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

**हर वर्ग को बजट में रखा गया ध्यान :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बजट में हर वर्ग पर ध्यान दिया गया है। युवा, महिला, किसान, मध्यम वर्ग सभी को बजट से लाभ होगा। सीतारमण ने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार-कौशल और अन्य अवसरों के लिए पांच योजनाओं की पहल की जा रही है। एग्रीकल्चर और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ दिये, जिसका लाभा किसानों को होगा। मुद्रा लोन की लिमिट को बढ़ा कर दोगुना कर दिया गया है। महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने एंजेल टैक्स खत्म करने की घोषणा की। इसका लाभ स्टार्टअप्स कंपनियों को मिलेगा। पीएम सूर्योदय योजना पर बजट में बल दिया गया है, जिससे लोगों को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिल सकेगी। वहीं गरीबों को घर बनाने, पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पूर्वोदय योजना समेत अन्य योजनाओं पर बल दिया गया है। (पेज 2, 4, 5 भी देखें)



### बजट में एलान के बाद ये चीजें होंगी सस्ती

- कैंसर से जुड़ी तीन दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटायी गयी।
- एक्सरे ट्यूब, फ्लैट पैनल डिटेक्टर पर भी आयात शुल्क हटाया गया।
- मोबाइल फोन और पार्ट्स, पीसीबी और मोबाइल फोन चार्जर पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी घटी।
- 25 आवश्यक खनिजों पर सीमा शुल्क नहीं।
- सोलर सेल और सोलर पैनल के निर्माण की वस्तु पर टैक्स में छूट।
- सोने और चांदी पर सीमा शुल्क घटा कर छह फीसदी किया गया। नतीजतन ज्वेलरी सस्ती होंगी।
- प्लैटिनम पर सीमा शुल्क घट कर अब 6.4 फीसदी हुआ।
- मछलियों और अन्य जलजीवों के भोजन पदार्थों पर आयात शुल्क पांच फीसदी करने का निर्णय।

### इन चीजों के लिए चुकानी होगी ज्यादा कीमत

- पीवीसी फ्लेक्स बैनर का आयात करना महंगा होगा।
- कुछ दूरसंचार उपकरणों का आयात महंगा होगा। आधारभूत कस्टम ड्यूटी 10% से बढ़ा कर 15% की गयी।
- एक साल से ज्यादा तक रखे गये इक्विटी निवेश महंगे होंगे। टैक्स 15% से 20% किया गया।
- एक साल से ज्यादा रखे गये शेयर महंगे होंगे। टैक्स 10 फीसदी से बढ़ा कर 12.5% किया गया।
- अमोनियम नाइट्रेट पर आयात शुल्क 10 फीसदी बढ़ाया गया।
- खुद से नष्ट न होनेवाले प्लास्टिक महंगे होंगे। आयात शुल्क 25 फीसदी बढ़ाया गया।

### विकसित भारत की दिशा में नौ प्राथमिकताएं

1. कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता
2. रोजगार और कौशल प्रशिक्षण
3. समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, 4. अगली पीढ़ी के सुधार
5. विनिर्माण और सेवाएं, 6. शहरी विकास
7. ऊर्जा सुरक्षा, 8. अवसंरचना
9. नवाचार, अनुसंधान और विकास

## आम बजट से झारखंड को भी मिलेगा लाभ

### आदिवासी परिवारों के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान

- पूर्वोदय योजना का भी लाभ मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2024-25 में बिहार और आंध्रप्रदेश को काफी लाभ मिला है। झारखंड जैसे राज्यों को भी लाभ होगा। आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जायेगा। आदिवासी परिवारों के लिए आदिवासी-बहुल गांव और आकांक्षी जिलों में संतृप्ति कवरेज को अपनाया जायेगा। इसमें 63,000 गांवों को शामिल किया जायेगा, जिससे पांच करोड़ आदिवासी लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसका लाभ झारखंड को भी मिलेगा। वहीं, पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास के लिए पूर्वोदय योजना की भी घोषणा की गयी है। मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि केंद्र सरकार झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और आंध्रप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वी क्षेत्र में विकास के लिए औद्योगिक गलियारे का समर्थन करेगी।

### भूमि सुधार और कार्रवाई का प्रस्ताव

केंद्रीय बजट 2024-25 में भूमि संबंधी सुधार और कार्रवाई के लिए प्रस्ताव है। इससे झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्यों को फायदा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लैंड को विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या सौंपी जायेगी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि रजिस्ट्री स्थापित की जायेगी। इसके साथ ही ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि प्रशासन, शहरी नियोजन, उपयोग और भवन उपनियमों में सुधार होगा।

### महिला नेतृत्व में विकास पर फोकस, तीन करोड़ आवास

लड़कियों और महिलाओं के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका बढ़ानेवाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ से अधिक आवंटन किया गया है। इन घोषणाओं से देशभर में रहनेवाले आदिवासी समुदाय के लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त घरों की घोषणा की गयी हैं।

### मोदी सरकार के बजट 2024 की 24 मुख्य बातें

1. नयी टैक्स रिजीम में बदलाव, 7.75 लाख रुपये तक की इनकम टैक्स फ्री।
2. मोबाइल फोन और सोना-चांदी सस्ते होंगे।
3. एम्प्लॉई और एम्प्लॉयर्स के लिए रोजगार से जुड़ी तीन स्कीम।
4. कृषि क्षेत्र (एग्रीकल्चर) के लिए 1.52 लाख करोड़।
5. एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम का एलान।
6. मुद्रा लोन की लिमिट दोगुनी हुई।
7. महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का आवंटन।
8. नालंदा को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देगी सरकार।
9. सरकार ने एंजेल टैक्स खत्म किया, स्टार्टअप्स को राहत मिलेगी।
10. फ्यूचर एंड ऑप्शन पर एसटीटी टैक्स बढ़ाया।
11. बिहार एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और स्पोर्ट इंफ्रा का प्रस्ताव।
12. आंध्रप्रदेश के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बनेगा।
13. 4.54 लाख करोड़ रुपये का बजट डिफेंस के लिए।
14. एक करोड़ लोगों को हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली फॉर्मूला।
15. एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों के लिए घर बनेंगे।
16. लांग टर्म कैपिटल गेन की छूट 1 लाख से बढ़ा कर 1.25 लाख।
17. हायर एजुकेशन के लिए छात्रों को मदद।
18. पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान।
19. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मौसम अनुकूल सड़कें बनेंगी।
20. पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए 'पूर्वोदय' योजना।
21. मनरेगा अलॉकेशन में कोई बदलाव नहीं हुआ।
22. एमएसएमइ इंटरनेशल मार्केट में प्रोडक्ट बेच सकेंगे।
23. ऑनलाइन सामान बेचनेवाले ट्रेडर्स पर अब कम टैक्स।
24. नाबालिगों के लिए एनपीएस वात्सल्य स्कीम की घोषणा।

### और निर्मला सीतारमण ने बनाया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश कर दिया। ये लगातार सातवीं बार है, जब निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। इसके साथ ही निर्मला सीतारमण ने रिकॉर्ड भी बना लिया। इससे पहले फरवरी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया था। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अब तक सबसे ज्यादा 10 बार बजट पेश किया है। 1962 से 1969 तक मोरारजी देसाई वित्त मंत्री थे। उनके बाद पी. चिदंबरम ने नौ बार और प्रणब मुखर्जी ने आठ बार बजट पेश किया है।

## 40 हजार करोड़ के बदले कितना ले रहे : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय बजट मंगलवार को संसद में पेश हो गया। इस पर सभी की नजर टिकी हुई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया के सवाल पर कहा कि 40 हजार करोड़ रुपये के बदले कभी यह नहीं बाताया कि कितना ले रहे हैं। दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। इसी दौरान पत्रकारों ने उनसे केंद्रीय बजट के बारे में पूछा। हेमंत सोरेन ने कहा कि इस संबंध में थोड़ी और जानकारी आने के बाद कुछ कहूंगा। इसी दौरान उनसे पूछा गया कि राज्य को 40 हजार करोड़ रुपये देने की बात है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 40 हजार करोड़ रुपये किस हिसाब से दिये जा रहे हैं। उसके बदले में कितना ले रहे हैं। यह उन्होंने बताया है क्या?



## कुर्सी बचाओ बजट, सरकार बचाओ योजना: राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के बजट को लेकर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इसे 'कुर्सी बचाओ' करार दिया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बजट के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इसे कुर्सी बचाओ बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट के जरिए सहयोगियों को खुश करने की कोशिश की गयी, जबकि अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किये। बजट के जरिये मित्रों को खुश किया गया। अअ (अडाणी-अंबानी) को फायदा, लेकिन आम भारतीयों को कोई राहत नहीं। साथ ही ये बजट कांग्रेस के घोषणापत्र और पिछले बजट का कॉपी पेस्ट है।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का 'नकलची बजट!' मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी 'रेवड़ियां' बांट रहा है, ताकि एनडीए बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है।



## युवाओं-मध्यम वर्ग को मिलेगी नयी ताकत : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट में किये गये प्रावधानों पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को समृद्धि की ओर लेकर जायेगा। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। ये शक्ति देनेवाला बजट है। ये किसानों-युवाओं को प्रगति की राह पर ले जानावाला बजट है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये उनकी आर्थिक प्रगति में निरंतरता का बजट है। ये युवाओं को अनगिनत मौके देनेवाला बजट है। इस बजट से मिडिल क्लास को नयी ताकत मिलेगी। ये जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से व्यापारियों, लघु उद्योगों को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। बजट में उत्पादन पर भी बल है, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी बल है। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी और गति को भी निरंतरता मिलेगी। रोजगार और स्वरोजगारों को पैदा करना हमारी सरकार की पहचान रही है। आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव का एलान किया है। इस योजना के तहत जीवन में पहली नौकरी पानेवाले युवा की पहली तनख्वाह हमारी सरकार देगी। कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटर्नशिप की योजना, इसे युवाओं के, गरीब के, मेरे बेटे-बेटी, देश की टॉप कंपनियों में काम करेंगे। उनके लिए संभावनाओं के नये द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर शहर, हर गांव, हर घर आंत्रप्रेन्योर्स बनाने हैं। हमने बिना गारंटी मुद्रा लोन की लिमिट बढ़ा कर 10 लाख से 20 लाख किया गया है। इससे पिछड़े, दलितों, आदिवासियों को लाभ मिलेगा। हम मिल कर देश को औद्योगिक हब बनायेंगे। देश का एमएसएमई सेक्टर देश का केंद्र बना है। छोटे उद्योगों की बड़ी ताकत हमारा अहम कदम है। इस बजट में उनके लिए इज ऑफ क्रेडिट बढ़ाने का इंतजाम किया गया है।




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com




# मोदी 3.0 के पहले बजट में झारखंड को बहुत कुछ मिला

## ■ बिहार-आंध्रप्रदेश के अलावा पूर्वी भारत पर भी मेहरबान हुई मोदी सरकार

## ■ युवाओं और किसानों के साथ आम लोगों की उम्मीदों को भी मिली उड़ान

## ■ विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में अहम कदम है बजट

आजाद सिपाही विशेष

मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट कई मायनों में खास रहा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश इस बजट में हाल के वर्षों में पहली बार झारखंड को कई तोहफे मिले, तो बिहार और आंध्रप्रदेश समेत पूर्वी भारत के समन्वित विकास का ब्लूप्रिंट भी देखने को मिला। बिहार और आंध्रप्रदेश को जिस विशेष पैकेज की उम्मीद थी, वह तो मिला ही, साथ ही बजट को देश के युवाओं और किसानों के हितों के लिए फोकस रखा गया। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बजट भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष यानी 2047 को ध्यान में रख कर बनाया गया है, ऐसा लगता है कि इसमें पिछले 10 साल की आर्थिक नीतियों से अलग हटने में गुरेज नहीं किया गया है। इसलिए इस बजट को मजबूत भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में उठाया गया कदम कहना बिलकुल जायज होगा। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जानेवाले मध्य वर्ग और नौकरीपेशा के लिए भी बजट में बहुत कुछ है, जिससे साबित होता है कि मोदी 3.0 सरकार अपने मूल मंत्र 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' पर मजबूती से कदम बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। देश के औद्योगिक विकास को गति देने के साथ लघु और मध्यम उद्योग को कई तरह की छूट देकर बजट में नया प्रयोग किया गया है। इसके साथ ही बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण के उपायों को रेखांकित कर केंद्र सरकार ने इन मुद्दों को अपनी प्राथमिकता सूची में रखा है। मोदी 3.0 सरकार के पहले बजट में झारखंड को क्या मिला और क्या है इस बजट की दूसरी खासियत, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लगातार सातवीं बार आम बजट पेश किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही कह दिया कि हमारा ध्यान गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता पर है। यानी वे चार जातियां, जिनका जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते आये हैं। बजट 2024-25 में इन चार जातियों के लिए खूब सारे प्रावधान हैं। नौकरियों की भी खूब बात की गयी है। उद्योगों और स्टार्ट-अप के लिए बड़ी घोषणाएं की गयी हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि एक आम भारतीय की जिंदगी को यह बजट किस तरह प्रभावित करने वाला है।

### बजट में झारखंड को क्या मिला

सबसे पहले बात झारखंड की, जहां इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां भाजपा दोबारा सत्ता हासिल करना चाहती है। इसलिए निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में झारखंड को कई तोहफे दिये। वित्त मंत्री बताया कि केंद्र सरकार झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए 'पूर्वोदय' योजना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोदय के तहत पूर्वी राज्यों में मानव संसाधन विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास के अवसरों के सृजन पर काम किया जायेगा, ताकि विकसित भारत में पूर्वी भारत के राज्य इंजन बन सकें। केंद्र सरकार पूर्वी क्षेत्र में विकास के लिए औद्योगिक गलियारे का समर्थन करेगी।

### पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की होगी शुरुआत

इसके अलावा आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जायेगा। यह योजना आदिवासी-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनायेगी। इससे 63 हजार गांवों को कवर किया जायेगा, जिससे पांच करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा।



### कई रेल परियोजनाओं को मिला विस्तार

बजट में झारखंड की पुरानी रेल परियोजनाओं के विस्तार का एलान किया गया है। इसके तहत कई किलोमीटर रेल लाइन के विस्तार की योजना है। इसके तहत एक हजार करोड़ रुपये से गोइलकेरा-मनोहरपुर तीसरी लाइन का 40 किलोमीटर विस्तार किया जायेगा। ढाई सौ करोड़ रुपये से बंडामुंडा-रांची रेल लाइन का 58 किलोमीटर का विस्तार किया जायेगा। 950 करोड़ रुपये में रांची-लोहरदगा-टोरी का 113 किलोमीटर विस्तार किया जायेगा। साथ ही मुरी-बरकाकाना की 58 किलोमीटर रेल लाइन का दोहरीकरण किया जायेगा। राजखरसावां-सीनी तीसरी लाइन के विस्तार की भी योजना है। इसके अलावा और भी कई परियोजनाओं को विस्तार मिला है।

### महंगाई बढ़ने की कोई संभावना नहीं

अब बात महंगाई की, जिससे आम आदमी सीधे प्रभावित होता है। इस बजट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे महंगाई दर बढ़ने या घटने का दावा किया जा सकता है। इस समय खाद्य पदार्थों की महंगाई दर जरूर बढ़ी हुई है, लेकिन सामान्य मानसून के आसार दिख रहे हैं। इससे आने वाले समय में सरकार को खाद्य महंगाई दर को सीमित रखने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कह रही है कि महंगाई दर लंबे समय तक उच्च स्तर पर कायम नहीं रहेगी। इसमें गिरावट आयेगी। सस्ता और महंगा होनेवाले सामान सरकार ने अप्रत्यक्ष कर दरों में कुछ बदलाव किये हैं, जिससे कैंसर की तीन दवाएं, एक्सरे ट्यूब, फ्लैट पैनल डिटेक्टर सस्ते होंगे। इसी तरह मोबाइल फोन पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी घटी है तो वे सस्ते होंगे। सोना और चांदी भी कस्टम ड्यूटी छह प्रतिशत घटने से सस्ते होंगे। प्लेटिनम भी सस्ता होगा। सोलर सेल और सोलर पैनल के निर्माण को सस्ता बनाया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गयी है। छतों पर सोलर पैनल लगाने से एक करोड़ परिवारों को हर महीने तीन सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

### आयकर के स्लैब में बदलाव से राहत

देश में सर्वाधिक टैक्स देनेवाले वेतनभोगी वर्ग के लिए बजट में वैसे तो कोई खास राहत नहीं है, लेकिन यदि कोई करदाता नयी स्कीम के तहत रिटर्न फाइल कर रहा है, तो उसको 17 हजार पांच सौ रुपये तक बचत हो सकती है। सरकार ने जो भी बदलाव किये हैं, वे नयी स्कीम में किये हैं। वेतनभोगियों में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 से बढ़ाकर 75 हजार किया गया है। इसी तरह स्लैब में भी बदलाव किया गया है। तीन लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। तीन से सात लाख रुपये तक पांच प्रतिशत टैक्स लगेगा। सात से 10 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। 10 से 12 लाख रुपये तक 15 प्रतिशत टैक्स लगेगा। 12 से 15 लाख रुपये तक 20 प्रतिशत टैक्स लगेगा। 15 लाख रुपये से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। इन बदलावों से अधिकतम 17 हजार पांच सौ रुपये तक की बचत होगी। इसका मतलब है कि पुरानी टैक्स स्कीम के तहत जो लोग रिटर्न फाइल कर रहे हैं, उनकी बचत पर कोई खास अंतर नहीं पड़ेगा। न तो होम लोन पर चुकाने वाले ब्याज पर कोई राहत दी गयी है और न ही 80(सी) के तहत मिलने वाली डेढ़ लाख रुपये की सीमा को बढ़ाया गया है। सीधी बात है कि सरकार चाहती है कि पुरानी स्कीम के बजाय लोग नयी स्कीम को अपनायें। पिछले साल सरकार ने नयी स्कीम को डिफॉल्ट स्कीम बना दिया था, यानी कोई यदि नयी या पुरानी में से कोई स्कीम नहीं चुनता है, तो वह खुद-ब-खुद नयी स्कीम का करदाता हो जायेगा। सरकार ने अब नयी और पुरानी व्यवस्था में टैक्स करीब-करीब बराबरी पर ला दिया है।

आयकर के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि 8.58 करोड़ रिटर्न फाइल होते हैं। इसमें से सिर्फ दो करोड़ ही टैक्स देते हैं। फाइल होने वाले 86 प्रतिशत रिटर्न में आमदनी 10 लाख रुपये से कम की है। इसका मतलब है कि 14 प्रतिशत लोग ही 10 लाख रुपये से अधिक की आय वाले हैं।

### सरकार खर्च को प्रोत्साहित करने के पक्ष में

बजट से एक बात साफ है कि सरकार चाहती है कि लोग पैसा बचाने की बजाय खर्च करने के विकल्प को चुनें। आयकर की नयी स्कीम इसी मंत्र को आगे बढ़ाती है। आयकर में बचत के लिए जो राहत प्रदान की जाती है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। यदि लोग अपनी बचत को शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो वह भी आकर्षक नहीं रह गया है। सरकार ने लघु अवधि पूंजीगत आय और दीर्घ अवधि पूंजीगत आय के नियमों में बड़े बदलाव किएयेहैं। इसके अलावा हर लेन-देन पर लगने वाला एसटीटी भी बढ़ाया गया है।

### रोजगार के अवसर सृजित होंगे

बजट प्रावधानों से संकेत मिलता है कि सरकारी नौकरियां तो नहीं, लेकिन निजी नौकरियों में इजाफा होगा। वह भी विनिर्माण क्षेत्र में। सरकार का पूरा फोकस विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के उद्यमियों को मदद करने वाला दिख रहा है। एक करोड़ युवाओं को पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देने की बात बजट में की गयी है। इसके तहत युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता दिया जायेगा। कंपनियों को सीएसआर के तहत 10 प्रतिशत राशि का भार उठाना पड़ेगा। राज्य सरकारों और उद्योगों के साथ मिलकर कौशल और सहयोग के लिए पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं को कुशल बनाने का लक्ष्य है। एक हजार आइटीआइ को हब एंड स्पोक सिस्टम में अपग्रेड करने की बात भी बजट में है।

### बजट का सबसे गेमचेंजर प्रावधान

बजट की सबसे पहली खासियत एक लाख रुपये तक के वेतन वाले सभी नये कर्मचारियों से जुड़ी है। अधिकतम 15 हजार रुपये एक महीने के वेतन के तौर पर डीबीटी के तहत ट्रांसफर किये जायेंगे। इपीएफओ में पंजीकृत नये लोगों को यह मदद मिलेगी। खास बात यह है कि यह राशि उन्हें ही मिलेगी, जिनका वेतन एक लाख रुपये प्रतिमाह से कम होगा। इस योजना से 2.10 करोड़ युवाओं को फायदा मिलने की उम्मीद की जा रही है। नयी भर्ती करने पर कंपनियों को इपीएफओ योगदान में दो साल तक हर महीने तीन हजार रुपये तक की प्रतिपूर्ति भी मिलेगी। उम्मीद की जा रही है कि 50 लाख नयी नौकरियां आयेंगी। महिलाओं की वर्क फोर्स में भागीदारी बढ़ाने के लिए हॉस्टल बनाने पर भी काम होगा। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्रों में डोरमेटरी की तर्ज पर किराये पर रहने के लिए आवासीय योजना पर भी पीपीपी मॉडल के तहत काम होगा।

### सच होगा घर खरीदने का सपना

बजट प्रावधानों के अनुसार स्टांप ड्यूटी कम होगी, तो घर की लागत कम होगी। सरकार महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने को प्रोत्साहित कर रही है। महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में छूट देने का आग्रह वित्त मंत्री ने राज्य सरकारों से किया है। यदि राज्य सरकार केंद्र के आग्रह को मान लेती है, तो संपत्ति खरीदने की लागत कम होगी। इससे यह एक अच्छा निवेश विकल्प बनेगा। कुल मिला कर यह बजट मजबूत भारत की वह तस्वीर पेश करता है, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए देश को तैयार करने की दिशा में यह बजट निश्चित तौर पर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नयी कर प्रणाली में 17500 रुपये तक का फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण केंद्रीय बजट मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण के दौरान टैक्सेशन से जुड़ा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया था, लेकिन इस बार उन्होंने कुछ अहम एलान किये हैं। वित्त मंत्री ने करीब चार करोड़ लोगों को टैक्स से जुड़े लाभ होने की बात कही है। इस बार अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और मुकदमेबाजी कम करने के प्रयासों को जारी रखेगी।

## स्टैंडर्ड डिडक्शन से लेकर स्लैब तक में बड़े बदलाव

| पहले | अब | टैक्स की दर |
|---|---|---|
| ₹3 लाख तक | ₹3 लाख तक | शून्य |
| ₹3 से 6 लाख तक | ₹3 से 7 लाख तक | 5% |
| ₹6 से 9 लाख तक | ₹7 से 10 लाख तक | 10% |
| ₹9 से 12 लाख तक | ₹10 से 12 लाख तक | 15% |
| ₹12 से 15 लाख तक | ₹12 से 15 लाख तक | 20% |
| ₹15 लाख से ऊपर | ₹15 लाख से ऊपर | 30 |




**नयी कर प्रणाली के तहत टैक्स स्लैब में बदलाव का एलान :** इस बार वित्त मंत्री ने नयी कर प्रणाली में तीन से सात लाख रुपये तक 5% कर का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि तीन लाख रुपये तक की आमदनी पर करदाताओं को कोई टैक्स नहीं देना होगा। सात से दास लाख रुपये तक की आमदनी वालों के लिए 10% टैक्स का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री के अनुसार नये एलानों से चार करोड़ लोगों को नयी कर प्रणाली में 17,500 रुपये तक का लाभ होगा। वित्त मंत्री ने पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया है। सरकार के इस फैसले से देश के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

**विवाद से विश्वास योजना 2024 लाने की तैयारी :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के लिए कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर पूंजीगत लाभ छूट सीमा को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना करने की योजना है। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए वायदा एवं विकल्प प्रतिभूतियों के मामले में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया। सीतारमण ने कहा कि शेयर पुनर्खरीद से होने वाली आय पर कर लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कर विवाद कम करने के लिए सरकार विवाद से विश्वास योजना 2024 लाने की तैयारी कर रही है।

**वित्त मंत्री ने एंजल टैक्स हटाने का किया एलान :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्टार्टअप्स में सभी वर्ग के निवेशकों के लिए 'एंजल कर' (एंजल टैक्स) समाप्त करने की घोषणा की। अपने बजट भाषण में उन्होंने ई-कॉमर्स कंपनियों तथा दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के संदर्भ में कुछ वित्तीय साधनों के लिए कर दरों में विभिन्न बदलावों की भी घोषणा की।

### करों पर क्या बोलीं वित्त मंत्री

- चैरिटी के मामलों में दो अलग-अलग व्यवस्थाओं की जगह एक कर छूट व्यवस्था होगी।
- न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75 कर दिया गया है।
- विभिन्न भुगतान के लिए पांच फीसदी टीडीएस की जगह दो फीसदी टीडीएस की व्यवस्था होगा।
- म्यूच्युअल फंड्स या यूटीआई के री-पर्चेस पर 20 फीसदी टीडीएस को वापस ले लिया गया है।
- ईकॉमर्स ऑपरेटर्स के लिए टीडीएस को एक फीसदी से घटाकर 0.1 फीसदी कर दिया गया है।
- टैक्स समाधान के लिए जन विश्वास-2.0 पर काम जारी है
- म्युचुअल फंड के रिपरचेज पर टीडीएस खत्म
- -8-8 -8 : -8 ए138
- इनकम टैक्स कानून की छह महीने में समीक्षा करेंगे
- एंजेल टैक्स हटाया

## तोहफा : सीएम ने दिया 183 को नियुक्ति पत्र, अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

# विकास में महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे युवा: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों मंगलवार को नियुक्ति पत्र पाकर 183 अभ्यर्थियों के चेहरे खिल गये। मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित समारोह में विभिन्न विभागों में चयनित असिस्टेंट टाउन प्लानर, जूनियर इंजीनियर, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर, माइनिंग इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर इलेक्ट्रिकल, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर के पद पर चयनित को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ नियुक्तियां झारखंड लोक सेवा आयोग और कुछ नियुक्तियां झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा की गयी हैं। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर पहले भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है और जो छूटे हुए अभ्यर्थी थे, उन्हें नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। विश्वास है कि नवनियुक्त अभ्यर्थी राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे। इसी आशा और उम्मीद के साथ कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों के समकक्ष पहुंचाने का प्रयास सभी प्रतिबद्ध होकर करेंगे।





### कार्यक्षमता का बेहतर उदाहरण पेश करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाउन प्लानर की नियुक्ति हुई है। प्रयास होना चाहिए कि शहर का सर्वांगीण विकास कैसे हो। सूझबूझ और अनुभव के आधार पर राज्य के शहरों को एक नयी दिशा मिलेगी। ईमानदारी से काम करें और बेहतर कार्य कर क्षमता का प्रदर्शन करें। राज्य के विकास में बेहतर कार्य करेंगे, तो सरकार सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनन की गतिविधि अन्य राज्यों से अलग है। राज्य में माइनिंग इंस्पेक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी। राज्य के 24 जिला में से आधे से अधिक जिलों में खनन की गतिविधियां होती हैं। खनन कार्य अव्यवस्थित नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित तरीके से हो, यह सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। खनन कार्य के विषय को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निश्चित रूप से आने वाले समय में खनन कार्य सिस्टमैटिक ढंग से करें, जिससे जान-माल खतरा न हो।

### हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक पहाड़ी क्षेत्र है। भौगोलिक बनावट बिल्कुल अलग है। इस बात पर सरकार का जोर रहा है कि हर खेत को पानी मिले। राज्य सरकार नयी तकनीक और नयी योजनाओं के साथ आगे बढ़ रही है, लेकिन इसकी गति को और बढ़ाना होगा, तभी खेतों में पानी पहुंचा पायेंगे। जब हर एक खेत में पानी पहुंचाने का लक्ष्य पूरा होगा, तभी राज्य से पलायन भी रुकेगा। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर सरकार प्रयासरत है।

### सुव्यवस्थित तरीके से हो शहरों का विकास

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आये दिन सड़क बनती है और सड़क बनने के क्रम में पानी सप्लाई लाइन की पाइपें फट जाती हैं। सड़कों पर पाइपलाइन फटने से हजारों गैलन पानी बेवजह बर्बाद हो जाता है। आवागमन भी बाधित होता है। विभिन्न अखबारों और सोशल साइट्स के माध्यम से सरकार को सुननी भी पड़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में स्ट्रीट लाइट भी जलती-बुझती रहती है। शहरों में स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रकाश व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना आपकी जिम्मेदारी है। इन सभी चीजों पर एक बेहतर प्लान के साथ कार्य करें, ताकि आम जनों को परेशानियों से निजात दिलायी जा सके।

### इनकी रही उपस्थिति

मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सभी वर्ग-समुदायों को हक और अधिकार दे रही सरकार : सीएम

**मुख्यमंत्री ने विशेष परिवारों को निःशुल्क आशियाने की दी सौगात**

**निर्मल आवास के नाम से जाना जायेगा कुष्ठाश्रम परिसर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पीएमएवाइ शहरी योजना अंतर्गत राज्य संपोषित रांची के साईं सिटी के नजदीक स्थित नवनिर्मित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का लाभ विशेष परिवारों को मिल रहा है। यह आशियाना एक विशेष समूह के लिए बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं चाहूंगा कि इस परिसर को निर्मल आवास के नाम से जाना जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति चाहे वे किसी भी वर्ग-समुदाय के हों, जिस स्थिति या परिस्थिति में रह रहे हों, उन तक सरकार की आवाज पहुंचे। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण की योजनाएं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लगातार आमजनों की बात सुनती है, समझती है और उनके विकास के लिए कार्य भी करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगे भी जनहित के कार्य प्रतिबद्धता के साथ करती रहेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने एक बेहतर प्रयास किया है। सैकड़ों लोग अपने घर के मालिक बन गये। वे अब इस नवनिर्मित आवासों में परिवार के साथ रहेंगे। विशेष समूह के परिवारों के लिए अलग-अलग जिलों में भी इस तरह की कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं। सबकी दुःखों को सरकार कम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीब, जरूरतमंदों के प्रति जवाबदेह और संवेदनशील है। विपरीत चुनौतियों के बावजूद जनकल्याण के कार्य निरंतर हो रहे हैं और आने वाले दिनों में भी होते रहेंगे। सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार राज्य सरकार देने का कार्य कर रही है।



### सभी मिलकर परिसर में और नये आयाम जोड़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झमाझम बारिश नहीं होने से राज्य के किसान आसमान की ओर देख रहे थे, असामान्य बरसात को लेकर वे चिंतित दिख रहे थे। पर्यावरण जिस तरह से बदलाव का संकेत दे रहा है। उससे प्रतीत होता है कि आने वाला समय और चुनौतीपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने आशियाने का चाबी प्राप्त करने वाले सभी लोगों को बधाई दी। कहा कि आने वाले समय में इस परिसर में और भी आयाम जोड़ने का प्रयास करेंगे। साथ ही परिसर को शहर का सबसे सुंदर परिसर बनाने का प्रयास मिलजुलकर करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार गठन के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी। कोविड-19 का नकारात्मक प्रभाव पूरे विश्व में रहा। कोरोना संक्रमण के समय सरकार ने झारखंडवासियों को सुरक्षित रखने के लिए एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण देश के सामने रखा। राज्यवासियों के सहयोग से सरकार ने किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने दिया।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर नगर विकास-आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, विधायक नवीन जयसवाल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, आइजी अखिलेश झा, नगर प्रशासक अमित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

TATA
TATA STEEL

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

WORLD'S STRONGEST HOTEL BRAND 2024 2022 | 2021
TAJ
INDIA'S STRONGEST BRAND 2024 2023 | 2022 | 2020

भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची में निर्मित
BILLION IMPRESSIONS
का उद्घाटन कार्यक्रम
24 जुलाई, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे | भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची


नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार तथा
The Indian Hotels Company Ltd. (A TATA Enterprise) के बीच
ताज होटल के निर्माण हेतु
MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम
24 जुलाई, 2024 | अपराह्न 01:30 बजे | प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री टी॰ वी॰ नरेन्द्रन
सी.ई.ओ. एण्ड एम.डी., टाटा स्टील





P.R. 330503 (Urban Development and Housing) 24-25
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

# इंफ्रा और स्कीम बजट : बिहार में तीन नये एक्सप्रेस-वे बनेंगे

## 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का फॉर्मूला दिया

### युवाओं के लिए 5 नयी स्कीम
### पूर्वोदय स्कीम का किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में बिहार में 3 एक्सप्रेसवे, दो मंदिरों में कॉरिडोर के साथ ही पूर्वी राज्यों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत अन्य डेवलपमेंट के लिए पूर्वोदय स्कीम का ऐलान किया है। वहीं जॉब-स्किल डेवलपमेंट के लिए 5 नयी योजनाओं की घोषणा की। नयीं योजनाओं में मिडिल क्लास और युवाओं पर फोकस किया गया है।

### तीन नये एक्सप्रेस-वे

बिहार के पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा एक्सप्रेस-वे और बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का पुल बनाया जाएगा। इन प्रोजेक्ट्स के लिए 26 हजार करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया गया है। अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर के तहत गया में औद्योगिक केंद्र बनाया जाएगा। पीरपैंती में 2400 मेगावॉट की क्षमता का पावर प्लांट बनेगा।

### पूर्वोदय स्कीम

पूर्वी राज्यों यानी बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए पूर्वोदय स्कीम की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत पूर्वी राज्यों में 26,000 करोड़ रुपये की लागत से एक्सप्रेसवे और हाइवे का निर्माण किया जायेगा।



### एक करोड़ लोगों को हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली फॉर्मूला

पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ से अधिक घरों में 300 यूनिट सोलर बिजली फ्री दी जायेगी। दरअसल, पैदा होने वाली सोलर एनर्जी सीधे उस घर को मिलने के बजाय पहले सप्लाई ग्रिड में जायेगी। ऐसे हर एक घर को प्रति महीने 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

### पीएम आवास योजना के तहत बनेंगे 3 करोड़ घर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 3 करोड़ घर बनायेंगे जायेंगे। साथ ही पीएम आवास योजना-अर्बन 2.0 के तहत 1 करोड़ गरीब और मिडिल क्लास परिवारों को घर मिलेगा। इसके लिए 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

### मुद्रा लोन की लिमिट दोगुनी हुई

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 10 लाख रुपये तक लोन मिलता था। अब इसे बढ़ा कर 20 लाख रुपये कर दिया है। मुद्रा योजना के तहत तीन कैटेगरी में लोन दिया जाता है। शिशु लोन के तहत 50 हजार रुपये, किशोर में 5 लाख तक और तरुण के तहत 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता था।

### किसान क्रेडिट कार्ड पांच नये राज्यों में होंगे लॉन्च

नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए अगले दो साल में 1 करोड़ किसानों को मदद की जायेगी। 5 राज्यों में नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे। एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए इस साल 1.52 लाख करोड़ रुपये का फंड रखा गया है।

### पांच करोड़ आदिवासियों के लिए नयी योजना

केंद्र सरकार ने ट्राइबल कम्युनिटी की आर्थिक-सामाजिक स्थिति को बेहतर करने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना की घोषणा की है। इसके तहत 63 हजार गांव कवर होंगे और 5 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा।

### दो मंदिरों में कॉरिडोर

काशी की तर्ज पर बिहार के गया में विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर बनाया जायेगा। साथ ही नालंदा को टूरिज्म हब के तौर पर डेवलप किया जायेगा।

### 25 हजार गांवों में सड़कें बनेंगी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे फेज में 25 हजार गांवों तक सड़कें बनायी जायेंगी। वहीं साथ ही नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 12 इंडस्ट्रियल पार्क बनाये जायेंगे।

### दो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेंगे

आंध्रप्रदेश पुनर्गठन एक्ट के तहत राज्य को 15,000 करोड़ रुपये की विशेष पैकेज दिया गया है। यह पैसा विशाखापट्टनम -चेन्नई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और हैदराबाद-बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स को बनाने के लिए खर्च किया जायेगा।

### स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के लिए 5 नयीं योजनाएं

**स्कीम 1:** फर्स्ट टाइम एंप्लॉयमेंट स्कीम- 1 लाख रुपये से कम सैलरी होने पर इपीएफओ के तहत पहली बार रजिस्टर्ड होने वाले कर्मचारियों को तीन किश्तों में 15 हजार रुपये की मदद मिलेगी।

**स्कीम 2:** जॉब क्रिएशन इन मैन्युफैक्चरिंग- मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़े फर्स्ट टाइम वर्कर्स को इपीएफओ जमा के आधार पर पहले 4 साल डायरेक्ट इंसेंटिव मिलेगा। इससे 30 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा।

**स्कीम 3:** सपोर्ट टू एंप्लॉयर- सरकार एंप्लॉयर्स का बोझ घटाने का काम करेगी। इसके तहत नये कर्मचारियों के इपीएफओ कॉन्ट्रिब्यूशंस पर एंप्लॉयर्स को 2 साल तक हर महीने 3 हजार रुपये का रीएंबर्समेंट करेगी


**स्कीम 4:** पार्टिसिपेशन ऑफ वुमेन इन वर्कफोर्स- नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल, वुमन स्किलिंग प्रोगाम शुरू किये जायेंगे।

**स्कीम 5:** स्किलिंग स्कीम- 1 करोड़ युवाओं को 5 साल में स्किल्ड किया जायेगा। 1 हजार इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स अपग्रेड किये जायेंगे। हर साल 25 हजार स्टूडेंट्स को स्किलिंग लोन का फायदा दिया जायेगा।

# डिफेंस बजट : हथियार खरीद की रकम में लगातार तीसरे साल कटौती

## सिर्फ 400 करोड़ रुपये बढ़ा सेना का बजट

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** डिफेंस बजट छह महीने पहले पेश हुए अंतरिम बजट का बहुत हद तक कॉपी है। सेना को खर्च के लिए 6,21,940 करोड़ रुपये मिले हैं, जो अंतरिम बजट से महज 400 करोड़ रुपये यानी, 0.064% ज्यादा है। इसमें हथियारों की खरीद और सैलरी-पेंशन को मिलने वाला बजट जस का तस है। 400 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी रक्षा मंत्रालय के हिस्से गयी है। इस बार डिफेंस को कुल बजट का 12.9% हिस्सा मिला है। पिछले साल यह हिस्सा करीब 13% था। लगातार तीसरे साल कैपिटल बजट यानी, हथियारों की खरीद और सेना के मॉर्डनाइजेशन पर होनेवाले खर्च में कटौती की गयी है। डिफेंस बजट का 67.7% हिस्सा रेवेन्यू और पेंशन बजट को मिला है, जिसका ज्यादातर हिस्सा सैलरी-पेंशन बांटने में खर्च होता है।

### डिफेंस बजट के पार्ट

### रेवेन्यू बजट : सैलरी बांटने के लिए बजट का 45%

रेवेन्यू बजट का सबसे बड़ा हिस्सा तीनों सेनाओं में सैलरी बांटने में खर्च होता है। इसमें अग्निवीरों की सैलरी भी शामिल है। इसके अलावा एक्स सर्विसमैन की हेल्थ स्कीम्स, मेंटेनेंस और रिपेयरिंग का खर्च भी रेवेन्यू बजट में शामिल होता है। इस साल रेवेन्यू बजट 2.82 लाख करोड़ रुपये है, जो कुल डिफेंस बजट का 45% है। पिछले साल के मुकाबले 12652 करोड़ रुपये यानी, महज 4.6% का इजाफा हुआ है। 2023 में रेवेन्यू बजट 2.7 लाख करोड़ था और खर्च 2.98 लाख करोड़ रुपये हुआ। यानी, बजट से करीब 28 हजार करोड़ रुपये ज्यादा। 2023 में 2022 के मुकाबले रेवेन्यू बजट में 38 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई थी।

### कैपिटल बजट : हथियार खरीदने के लिए 27.6% बजट

कैपिटल बजट सेना का सबसे अहम पार्ट होता है। इसका ज्यादातर हिस्सा तीनों सेनाओं के मॉडर्नाइजेशन, फाइटर प्लेन, हथियारों की खरीद और सेना को मजबूत बनाने में खर्च होता है। वित्त मंत्री ने कैपिटल बजट में 1.72 लाख करोड़ रुपये अलॉट किये हैं, जो कुल बजट का 27.6% है। इस बार, पिछले साल के मुकाबले करीब 9400 करोड़ रुपये यानी 5.7% का इजाफा हुआ है। 2023 में सरकार ने कैपिटल बजट में 6.5% की बढ़ोतरी की थी। जबकि, 2022 में कैपिटल बजट में 12% का इजाफा हुआ था। यानी, लगातार तीसरे साल कैपिटल बजट में कटौती की गयी है।

### पेंशन बजट : 3 हजार करोड़ का इजाफा

पेंशन बजट में तीनों सेनाओं के रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन और रिटायरमेंट बेनिफिट्स शामिल होता है। पेंशन के लिए 1.41 लाख करोड़ रुपये मिले हैं, जो कुल डिफेंस बजट का 22.7% है। पिछले साल यह आंकड़ा 1.38 लाख करोड़ रुपये था। यानी, पेंशन बजट में सिर्फ 3 हजार करोड़ का इजाफा हुआ है। देश में तीनों सेनाओं को मिला कर रिटायर्ड सैनिकों की संख्या 26 लाख है।

### रक्षा मंत्रालय (सिविल) बजट : 2951 हजार करोड़ रुपये का इजाफा

सरहदी इलाकों में सड़क बनाना, कोस्ट गार्ड, जम्मू कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, सेना की कैंटीन और हाउसिंग एक्सपेंडिचर जैसे खर्च इसमें शामिल होते हैं। यह डिफेंस बजट का सबसे छोटा पार्ट होता है। इस साल रक्षा मंत्रालय को 25563 करोड़ रुपये मिले हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 2951 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### 67.7% हिस्सा सैलरी-पेंशन बांटने पर खर्च

तीनों सेनाओं को सैलरी बांटने के लिए 2.82 लाख करोड़ रुपये मिले हैं, जो कुल बजट का 45% है। पेंशन के लिए 1.41 लाख करोड़ रुपये मिले हैं, जो कुल बजट का 22.7% है। सैलरी और पेंशन के हिस्से को जोड़ दिया जाये, तो कुल डिफेंस बजट का 67.7% है। पिछले साल भी सैलरी-पेंशन बांटने पर 70% खर्च हुआ था। बता दें कि तीनों सेनाओं में सैलरी-पेंशन बांटने के लिए सबसे ज्यादा आर्मी को बजट मिला है। हालांकि, इस बार के बजट में तीनों सेनाओं को हथियार खरीदने के लिए कितना दिया गया है, इसका जिक्र बजट डॉक्यूमेंट में नहीं है।

# नीतीश-नायडू को 74 हजार करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बजट में बिहार और आंध्रप्रदेश के लिए 74 हजार करोड़ रुपये का एलान किया है।

### बिहार को 58,900 करोड़ का एलान

बिहार में कई सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपये आवंटित किये गये। पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर को जोड़नेवाले एक्सप्रेसवे और बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा को जोड़नेवाले एक्सप्रेस-वे बनाने की घोषणा की गयी। बिहार के पीरपैंती में 21,400 करोड़ रुपये की लागत से 2400 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट लगाया जायेगा। बाढ़ से निपटने और राहत के लिए 11,500 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। बिहार के महाबोधि मंदिर और विष्णुपद मंदिर को विकसित किया जायेगा। बिहार में नये मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट्स बनाये जायेंगे। बिहार में स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया जायेगा। गंगा नदी पर दो नये पुल बनाये जायेंगे। अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर बिहार के गया में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जायेगा।

### आंध्रप्रदेश को 15,000 करोड़ देने का एलान

आंध्रप्रदेश को मदद के लिए 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किये जायेंगे। आंध्रप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम (आंध्र प्रदेश रीऑर्गनाइजेशन एक्ट) के तहत चिंताओं के निवारण में तेजी लायी जायेगी। इसके तहत फंड पानी, बिजली, रेलवे, सड़क जैसे अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जारी किया जायेगा। आंध्रप्रदेश की पोलावरम सिंचाई परियोजना को पूरा करने के लिए वित्तीय मदद दी जायेगी। आंध्रप्रदेश के पिछड़े इलाकों के लिए भी एक्ट के तहत रकम मुहैया करायी जायेगी।

# अवयस्क बच्चों के लिए नयी पेंशन योजना 'वात्सल्य' की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2024-25 में अवयस्क बच्चों के लिए एक नयी पेंशन योजना 'वात्सल्य' की घोषणा की गयी है। इस पेंशन योजना में माता-पिता और अभिभावक अंशदान करेंगे। वयस्कता की आयु होने पर इस योजना को सहज रूप से एक सामान्य एनपीएस खाते में बदला जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी घोषणा की कि एनपीएस की समीक्षा के लिए गठित समिति ने अपने काम में पर्याप्त प्रगति की है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए संयुक्त परामर्शदात्री तंत्र की राष्ट्रीय परिषद के कर्मचारियों ने रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा समाधान निकाला जायेगा, जिससे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकल सके और साथ ही आम जनता के हितों की सुरक्षा के लिए राजकोषीय दूरदर्शिता भी बनायी रखी जायेगी।

# सर्व समावेशी, युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बजट की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। मरांडी ने कहा कि यह बजट सर्व समावेशी, युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को भी गतिशीलता प्रदान करेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि युवाओं के लिए यह बजट सुनहरा अवसर लेकर आया है। स्किल डेवलपमेंट के साथ साथ पांच वर्षों में चार करोड़ रोजगार की व्यवस्था देश के विकास में युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला ये चार स्तंभों पर बजट आधारित है। साथ ही पूर्वोत्तर को विकास केंद्रित क्षेत्र जिसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, असम प्रदेश शामिल हैं। केंद्र सरकार ने मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख की है, जिससे राज्य के गरीब आदिवासी भाइयों-बहनों को बिना किसी गारंटर के सरलता से ऋण प्राप्त होगा। आदिवासी समाज की उन्नति और उन्हें विकास के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ने विश्वसनीयता की गारंटी दी है। प्रधानमंत्री का यह अनमोल तोहफा झारखंड में आदिवासियों के लिए रोजगार का नया अवसर पैदा करेगा।

# पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत एक करोड़ आवास बनेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि देश की जनता ने भारत को सतत विकास के मार्ग पर ले जाने और चहुंमुखी समृद्धि के लिए हमारी सरकार को एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है।

### पीएम आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण की घोषणा की गयी है, जिसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रबंध बजट में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की घर संबंधी जरूरतों को पूरा किया जायेगा। इसमें अगले 5 वर्षों में 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता शामिल होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि किफायती दरों पर ऋण सुविधा के लिए ब्याज सब्सिडी के एक प्रावधान की परिकल्पना भी की गयी है।

### किराये के घर

किराये पर मिलने वाले आवासों के बारे में बात करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि औद्योगिक कामगारों के लिए वीजीएफ सहायता और एंकर उद्योगों की प्रतिबद्धता के साथ पीपीपी मोड में डोरमेट्री जैसे आवास वाले किराये के मकानों की सुविधा प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अधिक उपलब्धता के साथ दक्ष और पारदर्शी किराये के आवास बाजारों के लिए समर्थकारी नीतियां तथा विनियम भी बनाये जायेंगे।

### विकास केंद्रों के रूप में शहर

सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार राज्यों के साथ मिलकर विकास केंद्रों के रूप में शहरों को विकसित करने की सुविधा पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक और आवागमन संबंधी नीतियों तथा नगर आयोजना स्कीमों का उपयोग करके शहरों के आसपास के क्षेत्रों को सुव्यवस्थित तरीके से विकसित किया जायेगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि 30 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 14 बड़े शहरों के लिए कार्यान्वयन और वित्तपोषण रणनीति के साथ आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएं तैयार की जायेंगी।

### जल आपूर्ति और स्वच्छता

सीतारमण ने जल आपूर्ति और स्वच्छता के बारे में बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों तथा बहुपक्षीय विकास बैंकों की साझेदारी में भरोसेमंद परियोजनाओं के माध्यम से 100 बड़े शहरों के लिए जल आपूर्ति, सीवेज उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा वित्तीय रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं को बढ़ावा देगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से मिलने वाले जल का इस्तेमाल सिंचाई तथा आसपास के क्षेत्रों में तालाबों को भरने की भी परिकल्पना की जा रही है।

### साप्ताहिक बाजार

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सड़क पर रेहड़ी-पटरी लगाने वाले दैनिक विक्रेताओं के जीवन में बदलाव लाने के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि की सफलता के आधार पर, अगले पांच साल में प्रत्येक वर्ष चुनिंदा शहरों में 100 साप्ताहिक बाजार या स्ट्रीट फूड हब के विकास में सहायता के लिए एक योजना की परिकल्पना की है।

### स्टांप शुल्क

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार सभी के लिए स्टांप शुल्क की दरों को कम करने तथा महिलाओं द्वारा खरीदी गयी संपत्तियों के लिए शुल्कों को और कम करने पर भी विचार करने हेतु उन राज्यों को प्रोत्साहित करेंगे, जिन्होंने अधिक स्टांप शुल्क लगाना जारी रखा है। उन्होंने कहा कि इस सुधार को शहरी विकास योजनाओं का अनिवार्य घटक बनाया जायेगा।

# बजट प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाओ या सत्ता बचाओ योजना के अंतर्गत आया है : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण की ओर से पेश किया गया आम बजट आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि खास लोगों के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाओ या सत्ता बचाओ योजना के अंतर्गत आया है। ये बजट देश के लिए कतई नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि इस बजट से ये जाहिर हुआ कि केंद्र सरकार अंदर से कितनी डरी हुई है। इस डर के कारण ही आंध्रप्रदेश पर खास ध्यान दिया गया है। साथ ही बिहार पर भी बजट को फोकस किया गया है। थोड़ा ध्यान ओड़िशा पर भी दिया गया है। इससे ऐसा लगता है कि बाकी 27 राज्य इस देश में है ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हालिया चुनावों को मुद्दाविहीन होकर लड़ा। केवल सांप्रदायिक बातें की। उन्होंने कहा कि बजट भी उसी की झलक जैसा है। सुप्रियो ने कहा कि बजट में सबसे ऊपर एग्रीकल्चर सेक्टर आता है। इससे पहले के बजट में एग्रीकल्चर के लिए कुल राशि का 6.5 प्रतिशत हिस्सा हुआ करता था। आज ये घट कर 3.9 प्रतिशत पर आ गया है। बजट में एमएसपी की कोई चर्चा नहीं है, जो अत्यंत अहम सेक्टर है और जिससे पेट भरा जाता है, उस पर कोई बात नहीं हुई। केवल फल और सब्जी पर बात हुई। उन्होंने कहा कि बजट में दूसरा अहम मुद्दा रोजगार का होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने कल आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुए देश में बेरोजगारी दर को 3.2 प्रतिशत बताया, लेकिन सरकार की ही एक सहयोगी संस्था है सीएमआइइ। ये एजेंसी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को भी रिपोर्ट करती है। इस एजेंसी का आकलन है कि देश में बेरोजगारी दर 9.2 तक पहुंच गयी है। ये एक बड़ा घालमेल है।

सुप्रियो ने कहा कि किसी नयी नौकरी या सरकारी नौकरी की घोषणा तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर कोई बात ही नहीं हुई। हेल्थ पर कोई बात नहीं हुई। बात हुई तो इस पर कि इलाज महंगा होगा और सोना सस्ता होगा। लोगों को कहा गया कि अधिक से अधिक मोबाइल खरीदिये। क्योंकि, इसकी कीमत कम कर दी गयी है। महंगाई जैसे विषय पर कोई बात नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ये बजट, बिना सोच समझ के और बिना विचार के साथ बनाया गया एक दस्तावेज मात्र है। इससे देश में बेरोजगारी बढ़ेगी।

# एक करोड़ युवाओं के लिए खुशखबरी, टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका

## पहली नौकरी मिलने पर सीधे खाते में आयेंगे 15 हजार, पीएफ भी सरकार देगी, 2.1 करोड़ युवाओं के लिए बड़ा एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश किया। इस बजट में उन्होंने पहली बार नौकरी पाने वालों को तोहफा दिया है। सीतारमण ने कहा कि संगठित क्षेत्र में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन दिया जायेगा। यह वेतन डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफ (डीबीटी) के जरिये तीन किस्तों में जारी होगा।



### पहली बार नौकरी पानेवालों को तोहफा

सीतारमण ने कहा, रोजगार और कौशल विकास सरकार की नौ प्राथमिकताओं में से एक है। इसके तहत पहली बार नौकरी करने वालों को बड़ी मदद मिलने जा रही है। संगठित क्षेत्र में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन दिया जायेगा। यह वेतन डीबीटी के जरिये तीन किस्तों में जारी होगा। इसकी अधिकतम राशि 15 हजार रुपये होगी। ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को यह मदद मिलेगी। योग्यता सीमा एक लाख रुपये प्रति माह होगी। इससे 2.10 करोड़ युवाओं को फायदा होगा।

### एक हजार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अपग्रेड किया जायेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मुझे कौशल विकास और राज्य सरकारों व उद्योग जगत के साथ सहयोग के लिए प्रधानमंत्री पैकेज के तहत चौथी योजना के तौर पर केंद्र की नयी प्रस्तावित योजना की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं को कुशल बनाया जायेगा। एक हजार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) को हब में अपग्रेड किया जायेगा।

### पीएफ में एक महीने का योगदान

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार रोजगार से जुड़ी तीन योजनाएं शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि एक महीने का पीएफ (भविष्य निधि) योगदान प्रदान करके नौकरी बाजार में प्रवेश करने वाले 30 लाख युवाओं को प्रोत्साहन प्रदान करेगी। उन्होंने घोषणा की कि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए देश में कामकाजी महिला छात्रावास स्थापित किये जायेंगे।

### 12 महीने इंटर्नशिप और हर महीने भत्ता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देगी। यह इंटर्नशिप 12 महीने की होगी। इसमें युवाओं को कारोबार के वास्तविक माहौल को जानने और अलग-अलग पेशे की चुनौतियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इसके तहत युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता भी दिया जायेगा। यही नहीं, उन्हें एकमुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये दिये जायेंगे। कंपनियों को अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रशिक्षण का खर्च और इंटर्नशिप की 10 फीसदी लागत को वहन करना होगा।

### जलवायु के अनुकूल बीज विकसित करने के लिए धन मुहैया करेगी सरकार

सीतारमण ने कहा कि सरकार जलवायु के अनुकूल बीज विकसित करने के लिए निजी क्षेत्र और उससे जुड़े विशेषज्ञों व अन्य को धन मुहैया करायेगी।

उन्होंने आगे कहा, पहले मौजूद मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी) योजना में प्रत्येक उस परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जायेगा, जिसके वयस्क सदस्य शारीरिक काम चाहते हैं।

# विकसित भारत की कल्पना से सराबोर बजट: भाजपा

*रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा ने आम बजट को विकसित भारत की कल्पना से सराबोर बताया है। इसे विकसित भारत की आधारशिला रखनेवाला बजट करार दिया। केंद्रीय बजट को 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृत काल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बताया है।*

### बजट सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित: अर्जुन मुंडा



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला और किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है। कहा कि बजट में आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की गयी है। इसमें 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश और पूर्वोत्तर के लिए घोषणाएं पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से प्रस्तुत बजट का स्वागत।

### बजट समग्र विकास के लिए : अमर बाउरी



रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड के हिस्से में कई योजनाओं की सौगात मिली है । बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना ला रही है। इसके अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम। इन क्षेत्रों में सरकार औद्योगिक गलियारे का भरपूर हर तरीके से समर्थन व सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी बहुल गांव होंगे लाभान्वित आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू होगा। योजना आदिवासी-बहुल गांवों-आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनाएगी। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जायेगा जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। झारखंड के दूरदराज के गांवों को जोड़ा जायेगा।

### संकल्पों को सिद्ध करनेवाला बजट: प्रदीप वर्मा



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी होने के साथ ही 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृत काल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। समाज के हर तबके के लिए बजट में किया गया प्रावधान रामराज की अवधारणा को साकार करने वाला है। विशेषकर अन्नदाताओं, महिलाओं की समृद्धि, युवाओं के रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमइ और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करने वाला बजट है।

### आत्मनिर्भर युवा पर केंद्रित है बजट: रमेश सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि यह बजट विकसित भारत का बजट है। यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति को सशक्त करने वाला है। इस बजट में सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। इस बजट ने माध्यम से सरकार ने विकसित भारत की बुनियाद को मजबूत करने का काम किया है। यह देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। पिछले 10 वर्षों मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और अब यह बजट लोगो को सशक्त करेगा। युवाओं को नये अवसर प्रदान करेगा।

### बजट में 2047 का विजन: जैलेंद्र कुमार



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने कहा कि इस बजट में 2047 का विजन है। युवा, महिला, किसान और गरीब को इस बजट में शामिल किया है। बहुत अच्छा बजट पेश किया है। प्रदेश और देश में बजट की तारीफ की जा रही है। विकसित भारत को लेकर जो रोडमैप बना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने उस अनुरूप ही रोजगार, कौशल विकास, व्यापार-उद्योग जगत, मध्यम वर्ग के लिए आगे बढ़ने के शानदार अवसर प्रस्तुत किया है। महत्वपूर्ण है कि इसमें भारत की उदात्त संस्कृति और भारतीयता का परिचय देने वाले अद्वितीय स्थलों को अनिवार्य स्थान मिला है। केंद्रीय बजट-2024 कहता है-जय भारत-जय भारती।

### संतुलित और विकासोन्मुख बजट: दीपक प्रकाश



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश की बजट को पूरी तरह से संतुलित और विकासोन्मुख बताया। कहा कि वित्त मंत्री ने बजट में समाज के सभी वर्गों को कुछ न कुछ देने का काम किया है। इस बार बजट का फोकस चार चीजों पर है। इनमें गरीब, महिला, युवा और किसान प्रमुख हैं। बजट का थीम रोजगार, स्किलिंग, मिडल क्लास पर केंद्रित है। बजट पिटारे से जनता को तमाम सौगात दी गयी है। इस बजट में युवाओं को काफी सौगात मिली है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024 में युवाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। देश की शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके लिए उन्हें हर महीने पांच हजार रुपये का मासिक भत्ता दिया जायेगा। यह योजना युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने में मदद करेगी। इस बजट में टैक्स पेयर को भी लाभ होने वाला है।

### विकसित भारत का सपना साकार होगा: अनंत



रांची (आजाद सिपाही)। विधायक अनंत कुमार ओझा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आम बजट को दूरदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुखी बताते हुए कहा कि इस बजट में प्रधानमंत्री मोदी का 2047 तक विकसित भारत का संकल्प साफ झलकता है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया हैं, खसकर युवाओं और महिलाओं के लिए ड्रीम बजट है। गांव, गरीब और किसानों के लिए इस बजट में विशेष स्थान दिया गया है। यह बजट मिडिल क्लास को नयी ताकत देने वाला है। जनजातीय समुदायों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की जायेगी। इस योजना से 63 हजार गांवों में पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभन्वित होंगे।

### सशक्त विकास को समर्पित बजट: महेश पोद्दार




रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि आम बजट नयी पीढ़ी के सुधार, चतुर्दिक समृद्धि और सशक्त विकास को समर्पित बजट है। मोदी सरकार का बजट विकसित भारत की मजबूत इमारत, देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने और इसके सर्वांगीण विकास, युवाओं-महिलाओं और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित शानदार बजट है। सामाजिक न्याय, समानता और समान अवसर की अवधारणा को चरितार्थ करने वाला, आधुनिक भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। युवा शक्ति के लिए बड़ा एलान किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों के लिए पांच योजनाओं और पहलों का जिक्र किया गया है।

### आमजन के लिए खुशहाली वाला बजट: सन्नी टोप्पो



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि अंत्योदय को समर्पित बजट निःसंदेह गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा समेत समाज के समस्त वर्गों की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला है। अंत्योदय के प्रण और समग्र विकास के संकल्प को आकार देता यह बजट नीवन भारत के स्वर्णिम युग को और मजबूती प्रदान करेगा। इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति समस्त देशवासियों और प्रदेशवासियों की तरफ से हार्दिक आभार।

### हर वर्ग को आगे बढ़ानेवाला बजट: कृपा शंकर



रांची (आजाद सिपाही) ।भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने कहा कि बजट विकसित भारत को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। अंत्योदय के विचारधारा को ध्यान में रखते हुए गरीब, महिला, युवा और किसान सहित हर वर्ग को मजबूती देने का काम इस बजट में है। ये बजट युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर के लिए तैयार किया गया है। साधारण परिवारों के लिए इनकम टैक्स में छूट मिला है। अर्बन डेवलपमेंट पर भी ध्यान दिया गया है। यूथ पर खासतौर पर फोकस से किया गया है। रोजगार पर फोकस है। युवाओं को आर्थिक मदद देने का काम इस बजट के जरिये किया जायेगा। मुद्रा लोन के जरिये युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा।

### हर वर्ग को शक्ति देनेवाला बजट, किसान को समृद्धि की राह पर ले जानेवाला : दीपक बंका



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता दीपक बंका ने कहा कि बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। यह देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बजट बताते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को तीव्र गति से आगे बढ़ाने वाले इस बजट में सरकार का फोकस गरीब, महिला, किसान और युवा सहित प्रत्येक वर्ग पर है। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के लिए अनेकों कल्याणकारी, जनहितैषी घोषणाएं बजट में की गयी हैं। इससे देश के विकास को गति मिल सकेगी और देश वर्ष 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बन सकेगा।

### संभावनाओं का नया द्वार खोलेगा बजट: संजय सेठ



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि बजट विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में ऐतिहासिक है। आज के इस बजट में मध्यवर्गीय, किसान, महिलाएं और युवाओं को सशक्त बनाते हुए संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा। आज के इस बजट में किसान, मध्य वर्ग और युवाओं को बजट में बड़ी सौगात दी गयी है। कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड रुपये दिये गये हैं। युवाओं के लिए रोजगार, कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ आवंटित किये गये हैं। 500 बड़ी कंपनियां में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किये जायेंगे। वहीं एक करोड़ छात्रों को 5000 मासिक भत्ता दिया जायेगा। हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक लोन, कैंसर मरीजों को राहत देते हुए तीन दबाव पर सीमा शुल्क पूरी तरह हटाने का प्रस्ताव मध्य वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले सभी लोगों का पूरा ख्याल रखा है। देश के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 25000 ग्रामवासी बस्तियों को मौसम के अनुकूल सड़क उपलब्ध कराना हो, आदिवासी समाज की समृद्धि मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त किया जायेगा। समाज के हर वर्ग को सशक्त करने वाले इस बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई।

### विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी: सुदेश



रांची (आजाद सिपाही)। आम बजट पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आम बजट विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ ही गांव, गरीबों, किसानों, युवाओं, उद्यमियों के आर्थिक- सामाजिक विकास की परिकल्पना को पूरा करेगा। यह बजट राष्ट्र समेत सभी राज्यों के समावेशी विकास को भी बल प्रदान करेगा। इस जनकल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन।

### सबके विश्वास और हित का बजट: चंद्रप्रकाश



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बजट को सबों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। शिक्षा और रोजगार पर फोकस किया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर जरूरी कदम उठाये गये हैं। डेयरी विकास और कृषि विकास के साथ युवाओं के बेहतर जीवन को लेकर जरूरी कदम उठाये गये हैं। एजुकेशन लोन की भी सीमा बढ़ायी गयी है। देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला बजट है। विकास को रफ्तार देने वाला है। बजट देश के हर नागरिक की जीवन शैली और देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाला है। यह बजट सबके विश्वास का बजट है।

### देश के समग्र विकास की सोच: लंबोदर



रांची (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आम बजट का स्वागत किया। कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने और देश को मजबूत बनाने वाला है। साथ ही देश के सर्वांगीण विकास के मार्ग को भी प्रशस्त करने वाला है। बजट में देश के समग्र विकास की सोच है। यह बजट जहां आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा। वहीं नियोजन में भी वृद्धि होगी। बजट में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ गांव के लोगों को बेहतर सुविधा मिले, इसको लेकर भी कारगर प्रयास किया गया है। मध्यम वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, किसान, युवा, महिलाओं पर बजट में फोकस किया गया है। बजट में झारखंड सहित पांच राज्यों के लिए पूर्वोत्तर योजना प्रारंभ किये जाने का स्वागत। इस योजना से झारखंड के मानव संसाधन विकास, अव संरचना और आर्थिक अवसरों के सृजन शामिल किया जायेगा।

### बजट से झारखंड को सीधा लाभ: प्रतुल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बजट को समावेशी और सभी वर्गों का खयाल रखने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पूर्वोदय योजना से झारखंड को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। पूर्वी भारत भी देश के बाकी हिस्सों की तरह विकास की रफ्तार पकड़ेगा। इसके अतिरिक्त आकांक्षी जिला योजना की फंडिंग जारी रहने से झारखंड के 19 जिलों को सीधे तौर पर केंद्रीय राशि मिलती रहेगी। इसके अतिरिक्त केंद्र की सभी योजनाओं का हिस्सा तो झारखंड को मिलेगा ही। मुद्रा लोन ने अब तक 30 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने में सहायता की है। इसकी सीमा 20 लाख रुपये करने से छोटे व्यवसायियों और नया व्यवसाय शुरू करने वालों को बड़ा फायदा मिलेगा।

# बजट से नाराज दिखे कांग्रेसी

### बजट से जनता की उम्मीदों पर वज्रपात: राजेश ठाकुर



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश की जनता की आशाओं पर वज्रपात और झारखंड के लिए नील बट्टा सन्नाटा है। बजट का फोकस जनता नहीं, बल्कि सत्ता है। कहा कि बजट उदाहरण बनकर रह गया है। झारखंड में लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला भाजपा ने केंद्रीय बजट में चुकाया है। उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक है कि बजट का सिर्फ एक से दो प्रतिशत तक की राशि का प्रावधान पूरे देश में शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया गया है। प्रधानमंत्री को इस बजट में राजनीतिक सहयोग की कीमत चुकाने की विवशता साफ दिखी। ठाकुर ने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन निजी खपत की रिकॉर्ड सुस्ती पर बजट पूरी तरह मौन है। वर्ष 2016 से 2022 के बीच में 24 लाख उत्पादक कंपनियां बंद हो चुकी हैं। इनके लिए सिर्फ क्रेडिट गारंटी की बात की गयी है। ठोस कुछ भी नहीं किया गया है। बजट में जिस फिजिकल कंसोलिडेशन की बात की गयी है, उस लक्ष्य 4.5 फीसदी को यूपीए की सरकार ने 2014 में ही पा लिया था। किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सीधे तौर पर बजट में प्रावधान नहीं किया गया है। आम लोगों को इस बजट से कोई राहत नहीं है। बजट के नाम पर झुनझुना भी नहीं दिया गया।

### बजट को कांग्रेस के न्याय पत्र से चुराया गया: बन्ना गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बजट में एक बार फिर मिडिल क्लास परिवार को टैक्स के बोझ से दबा दिया है। चुनाव जीत के बाद लगा था टैक्स में राहत मिलेगी, लेकिन यह उल्टा हो गया और मध्यम वर्ग के ऊपर लगता है चुनावी खर्च थोप दिया है। युवाओं को नौकरी के बदले इंटर्नशिप का झुनझुना थमा दिया गया। किसानों और महिलाओं की फिर से उपेक्षा की गयी। कामगार और मजदूरों को ठगा गया है। बजट को कांग्रेस के न्याय पत्र से चुराया गया है। झारखंड में केंद्रीय मंत्री चुनावी प्रभारी बने हैं, लेकिन झारखंड की जनता को कुछ नहीं दिला सके। आश्चर्य है कि बजट में स्वास्थ्य सेवा का जिक्र नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट आइवाश है। बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विकास फंड देना और झारखंड को उपेक्षित करना आदिवासी विरोधी मानसिकता का परिचायक है।

### जनगणना का उल्लेख नहीं होना दुखद: शशिभूषण



रांची (आजाद सिपाही) ।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय ने केंद्र सरकार के बजट को बेहद निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि 2021 में दशकीय जनसंख्या जनगणना होनी थी, पर इसके लिए धन राशि जारी करने का कोई उल्लेख नहीं होना दु:खद है। अंतिम जनसंख्या जनगणना 2011 में करायी गयी थी, पर अब नयी जनगणना की आवश्यकता है। यह आजादी के बाद पहली बार है, जब केंद्र की सरकार समय पर जनगणना कराने में विफल रही है। बिना जनसंख्या जनगणना के सरकार कोई ठोस योजना नहीं बना पायेगी। बिना वास्तविक स्थिति जाने हुए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद कर नहीं पायेगी। इससे यह भी साफ है कि सरकार सिर्फ चुनिंदा मित्रों के लिए काम करना चाहती है, जिनकी जनसंख्या और जनगणना दोनों वह बखूबी जानती है। जनसंख्या जनगणना पर चुप्पी साधना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी प्रहार है। सरकार जल्द इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए विपक्ष के प्रस्ताव पर अमल करे। बजट से सभी वर्गों में निराशा है।

### जनाकांक्षाओं को पूरा करने का रोडमैप: अन्नपूर्णा



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय महिला-बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत का यह बजट सर्वस्पर्शी, समावेशी और 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने का आर्थिक रोड मैप है। बजट सरकार की नौ प्राथमिकताओं पर निरंतर फोकस को उजागर करने वाला एक उत्कृष्ट और संतुलित बजट है, जो आने वाले वर्षों में भारत के विकास पथ को प्रशस्त करेगा। पूरे वर्ष और उसके बाद की अवधि को ध्यान में रखते हुए इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमइ और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। चतुर्दिक समृद्धि-सशक्त विकास के पथ पर देश को ले जाने वाले इस बजट में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन बढ़ाने, रोजगार-कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास, सामाजिक न्याय, विनिर्माण-सेवाएं और नयी पीढ़ी के सुधार पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया है। इस ऐतिहासिक बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास पर खास जोर दिया गया है। यह बजट विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास के नये अवसर प्रदान करेगा। यह भारत की क्षमता, विशेष रूप से युवाओं की क्षमता और गरीबों, महिलाओं और किसानों के लिए समृद्धि की राह सुनिश्चित करता है। बजट में महिलाओं और बालिकाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जायेगा। इसमें 63 हजार आदिवासी गांवों को कवर किया जायेगा, जिससे पांच करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। इसमें सबसे अधिक लाभ झारखंड को मिलेगा।

# केंद्रीय बजट को किसी ने दूरदर्शी, तो किसी ने महंगाई बढ़ाने वाला बताया

**हजारीबाग /कोडरमा (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का पहला आम बजट मंगलवार को पेश किया। मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट पर हजारीबाग और कोडरमा के विभिन्न दलों के नेताओं ने अलग-अलग प्रतिक्रिया दी है। किसी ने इसे दूरदर्शी बजट बताया, तो किसी ने देश के लिए सुनहरा बजट बताया है, तो किसी ने बजट को महंगाई को बढ़ाने वाला और व्यापारियों को हतोत्साहित करनेवाला बताया है।**




**मनीष जायसवाल**
सांसद

हजारीबाग के निवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की यह दूरदर्शी बजट है जो दूरदर्शी नेतृत्व के तहत भारत के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करते हुए सतत विकास, नवाचर और स्थायी प्रगति को गति देगा। साथ ही कहा की भारत के समृद्ध भविष्य का यह सुनहरा बजट है, इस बजट से सभी वर्गों का उत्थान होगा। युवाओं को उनकी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के लिए विशेष उपहार दिया गया है।



**रंजन चौधरी**

मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े रंजन चौधरी ने कहा की यह बजट गरीब, महिला, किसान और युवाओं को समर्पित है। बजट सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। रंजन चौधरी ने कहा की युवाओं को उनकी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के लिए विशेष उपहार दिया गया है।




**बटेश्वर प्रसाद मेहता**
भाजपा नेता

भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ देश की अर्थव्यवस्था और आधारभूत ढांचा को मजबूती प्रदान करने वाला है। समाज के हर वर्ग के विकास को इस बजट ने समाहित किया है। बिजली पर विशेष ध्यान देकर प्रधानमंत्री ऊर्जा योजना के तहत लाभ मिलेगा। तीर्थ स्थल पर और पर्यटक स्थल पर विशेष ध्यान देकर बजट पेश किया है।



**भैया अभिमन्यु प्रसाद**
भाजपा नेता

भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने बजट को जनता के हित में बताया। उन्होंने कहा की इस बजट में आम जन को बहुत फायदा मिलने वाला है। इस बजट में सब का साथ सब का विकास की बात दिख रही है। सरकार ने अपने वार्षिक बजट में युवा किसान, रोजगार और आम जनता सहित महिलाओं के विषय में काफी कुछ दिया है।



**मुन्ना सिंह**
कांग्रेस नेता

कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की बजट जनता की अपेक्षाओं के विपरीत है। रोजगार और बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए कुछ नही है। साथ ही कहा की सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रही जनता और आम आवाम निराश हुई है। बजट में अन्नदाताओं, महिलाओं की समृद्धि, युवाओं के रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और मध्यम वर्ग पर ध्यान नहीं दिया गया।



**डॉ कमल नयन सिंह**
झामुमो के वरिष्ठ नेता

झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह ने कहा की यह बजट फिर से एक छलावा साबित होगा। मध्यम वर्ग को अनदेखा करते हुए किसान और छोटे व्यवसाई को निराश किया है, यह पूंजीपतियों का बजट है। इनमें नई योजनाओं की कमी स्पष्ट दिखती है।



**डॉ आरसी मेहता**
कांग्रेस नेता

कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कहा की बजट से आटा से लेकर डाटा तक महंगा होगा। यह बजट गरीबों, किसानों, बेरोजगारों, छात्रों, मध्यम व्यापारी वर्ग को हतोत्साहित करने वाला और अमीरों पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला है। यह बजट हतोत्साह का परिचायक है।



**शैलेंद्र यादव**
कांग्रेस जिला अध्यक्ष

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा की बजट आम लोगों के लिए नहीं है। यह केवल मोदी जी अपने सहयोगियों दलों को खुश करने और अपनी कुर्सी बचाने के लिए बजट पेश किए है। यह बजट पिछली बार की तरह ढाक के तीन पात साबित होगा।



**विनोद सिंह**
कांग्रेस प्रदेश सचिव

कांग्रेस प्रदेश सचिव विनोद सिंह ने कहा की, इस बजट से निराशा हुई। महंगाई को कम करने का कोई उपाय नहीं दिख रहा। बेरोजगारों को स्किल ट्रेनिंग देकर के रोजगार का सपना दिखाया गया। छोटे निवेशकों को बहुत बड़ी मार हुई। बजट से किसान, छोटे व्यापारी और आम आदमी व महिला ठगा महसूस कर रहे है।



**बिनोद कुशवाहा**
कांग्रेस प्रदेश महासचिव

कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा की बजट पूर्ण रूप से किसान विरोधी है। यह महंगाई के साथ बेरोजगारी को भी बढ़ाएगा। साथ ही राज्यों के साथ छलावा है। बेरोजगारों को स्किल ट्रेनिंग देकर के रोजगार का सपना दिखाया गया। बजट में गरीबों का ख्याल नही रखा गया।



**दिवाकर तिवारी**
जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष

मरकच्चो के जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी ने बजट को गरीब विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट मे छोटे छोटे किसानों का अनदेखी किया गया। टैक्स मे छूट देने के बजाय डीजल, पेट्रोल, किरासन का दाम घटाना था। किसानों को फसल बीमा का भुगतान भी नहीं हो रहा है, फसल बीमा का लाभ बड़े-बड़े पूंजी पतियों को हो रहा है, बेरोजगारों के लिए रोजगार की



**मनोज सहाय पिंकू**
कांग्रेस कमेटी के सचिव

कोडरमा के झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि आम बजट आम आदमी का बजट नहीं। किसानों को कोई राहत नहीं। ना निधि बढ़ी ना न्यूनतम मुल्य बढ़ा। कांग्रेस के घोषणा पत्र की झलक बजट में दिखती है पर युवाओं बेरोजगारों के लिए कुछ नहीं। यह आगामी विधानसभा चुनाव को देखकर जारी किया गया आम बजट है।



**नवनीत ओझा (बंटी)**
प्रदेश प्रतिनिधि

कोडरमा में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट कई उम्मीदों के बावजूद कोई खास प्रभाव छोड़ता नहीं दिखता और यह सिर्फ दिखावा मात्र बजट हैं। उक्त बाते झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा (बंटी) ने कहि। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर सरकार ने कृषि, शिक्षा, लेकिन इनमें नई योजनाओं की कमी स्पष्ट दिखती है।



**विजय कुमार सिंह**
प्रखंड प्रमुख

मरकच्चो प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट अमीरों के लिये है। बजट में गरीबों का ख्याल नही रखा गया और गरीब गुरबों के हित को अनदेखा किया गया। उन्होंने बजट को निराशाजनक बताया है। जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आई है देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान ठगे महसूस कर रहे हैं।



**रीता देवी**
जिप सदस्य

मरकच्चो जिप सदस्य रीता देवी ने कहा कि केंद्र सरकार का ये बजट सराहनीय है पर मंहगाई पर अंकुश लगाने वाला बजट नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में रोजगार को बढ़ावा देने की जरूरत है पर उस दिशा में भी कोई विशेष उपाय नहीं किये गये हैं। झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के साथ मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छलावा वाला बजट पेश किया है।



**प्रकाश रजक**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बयान जारी कर कहा है कि वित्त मंत्री के द्वारा जो आम बजट पेश किया गया है वह केवल डबोर संखी घोषणाएं हैं। लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मिली शिकस्त के कारण बिहार सहित कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में घोषणाएं की गई है। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, वित्त मंत्री को पूर्व में पेश किए गए बजट के बारे में भी बताना चाहिए था कि पिछली घोषणाओं को हमने कितना पूरा किया।



**सुषमा सुमन**
योगाचार्य

कोडरमा के योगाचार्य सुषमा सुमन ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट में गरीब मिडिल व्यक्तियों पर विशेष ध्यान रखा गया। गरीबों के हित में 3 करोड़ मकान बनाने का योजना जो बजट में पेश किया है, इसे गरीबों को बहुत लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी बहुत-बहुत बधाई। इस बजट में महिलाओं युवाओं पर विशेष ध्यान रखा गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी।



**रामधन यादव**
जिला परिषद अध्यक्ष

मोदी सरकार की तीसरी टर्म की आम बजट झारखंड के परिदृश्य में घोर निराशाजनक बजट है। झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के साथ मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छलावा वाला बजट पेश किया है। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कही। श्री यादव ने कहा कि झारखंड 44 प्रतिशत खनिज संपदा वाला प्रदेश है, लेकिन केंद्र सरकार ने बजट में झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है। मोदी सरकार की इस बजट से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ-साथ पंचायती व्यवस्था में कोई आमूल चूल परिवर्तन नही होनी जा रही है।



**राकेश गुप्ता**
समाजसेवी सह जदयू नेता

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में दिन मंगलवार को मोदी सरकार की तीसरे कार्यकाल की पहला बजट पेश किया। जिसमें समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने मोदी सरकार की तीसरे कार्यकाल की पहला बजट पेश का प्रशंसा व्यक्त कर प्रतिक्रिया दिया और सहृदय स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। तीसरे कार्यकाल की पहला बजट सकारात्मक और स्वागत योग्य है। देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से बढ़ेगा।



**प्रदीप सुमन**

कोडरमा से इस बजट में बिजनेसमैन पर विशेष ध्यान दिया गया है, छोटे बिजनेसमैन को कर मुक्त रखा गया है। प्रदीप सुमन ने बजट को सराहनीय बताते हुए कहा कि बिजनेसमैन को टैक्स में बहुत राहत मिली और साथ में लोन लेने की सुविधा भी बढ़ाया गया। ब्याज में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। साथ में बिजली पर विशेष ध्यान देकर प्रधानमंत्री ऊर्जा योजना के तहत लाभ मिलेगा। तीर्थ स्थल पर और पर्यटक स्थल पर विशेष ध्यान देकर बजट पेश किया है।

## झुमरीतिलैया में बजट और कर समाधान पर परिचर्चा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स ने झुमरीतिलैया में मंगलवार को बजट और कर समाधान पर परिचर्चा का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में सरकार ने स्पेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। यह कदम भारत को वैश्विक स्पेस मार्केट में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा, बजट में मोबाइल फोन, मोबाइल पीसीबीएस और मोबाइल चार्जर पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) को 15 प्रतिशत तक कम किया गया है, जो उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा। सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी को घटाकर 6 और प्लैटिनम पर 6.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भी सराहनीय है, जिससे इन धातुओं के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कर दाखिल करने की तारीख तक टीडीएस में देरी को अपराध की श्रेणी से बाहर करना आम करदाताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है, जो उनके बीच विश्वास की भावना को बनाए रखने में मदद करेगा। कोडरमा जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चार्टर्ड अकाउंटेंट सह सचिव प्रदीप हिसारिया ने इन प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि ये सुधार आर्थिक विकास को गति देंगे और आम जनता को राहत प्रदान करेंगे। मंच संचालन प्रदीप हिसारिया ने किया जिसमें अध्यक्ष प्रदीप केडिया, सचिव राम रतन महर्षि, उपाध्यक्ष महेश दारूका, मनोज केडिया, संदीप केडिया, धर्मेंद्र प्रसाद, मनोज पिलानिया, अंकित खेतान, जितेंद्र टिबड़ेवाल, अमित जैन, वंदना अग्रवाल, संजय कुमार, मोहित संघई, विकाश सेठ, दिलीप बर्णवाल, उमेश लोहानी, सर्वजीत सिंह मौजूद थे।

## खरना के मजदूर की करेंट लगने से मौत



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खरना निवासी प्रवासी मजदूर रामेश्वर महतो के 25 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार महतो की मौत केरल राज्य इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड कोल्लम में कार्य करने के दौरान करेंट लगने से मौत हो गयी। रोजी-रोटी के सिलसिले में वह सेवलकर में रह कर जीविका चला रहे थे। सुरेश महतो पर अपने परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी थी, परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं परिवार के एक मात्र कमाऊं सदस्य की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट गया है। सूचना मिलते ही परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल कहा कि रोजी कमाने जाने वाले झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में कंपनी और सरकार की ओर से परिजनों को मदद मिलनी चाहिए। उप प्रमुख सह जेबीकेएसएस जिलाध्यक्ष सरयू साव, प्रखंड सचिव प्रेमचंद महतो, उपाध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, मुकेश कुमार, माही बाबू, किशोर कुमार, दशरथ महतो, राजेंद्र महतो समेत अन्य ने परिजनों ने का ढाढस बढ़ाया।

## प्रखंड स्तरीय रुआर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर प्रखंड संसाधन केंद्र सिलवार में प्रखंड स्तरीय रूआर कार्यक्रम की कार्यशाला आयोजित मंगलवार को की गयी। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रुआर कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन और उसके ठहराव पर बल देता है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी है, साथ ही इससे संबंधित गूगल लिंक भी भरा जाना है। राज्य स्तर से लेकर विद्यालय स्तर तक रुआर कार्यक्रम दिनांक 11 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलाया जाना है। बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव मेहता द्वारा कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुभकामना व्यक्त की गयी और हर प्रकार से सहयोग प्रदान करने की बात की गयी। प्रखंड शिक्षा प्रचार पदाधिकारी के द्वारा बच्चों के नामांकन और ठहराव से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी दी गयी। अजय नारायण दास के द्वारा मंच संचालन किया गया और दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में सभी बीआरसी कर्मी, सभी सीआरपी और सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## मरकच्चो में हाथी ने मचाया उत्पात

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित पंचायत मरकचो दक्षिणी के गोंदलिया टांड़ और पंचायत पपलो जाने वाले दोमुहिया सड़क में एक बिछड़े हाथी के द्वारा सोमवार रात्रि को उत्पात मचाते हुए दो मकान को नुकसान पहुंचाया और एक मोटरसाइकिल को पटक पटक कर तोड़ दिया। सोमवार रात्रि करीब 7 बजे पापलो निवासी भिखारी यादव पिता महादेव यादव मरकच्चो बाजार से 35 केजी आटा लेकर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे इसी बीच पपलो के दोमुहिया सड़क के पास से अपने ओर हाथी को आते देख मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गये। इसके बाद हाथी ने मोटरसाइकिल में बंधा आटा बोरी को खींच दिया और मोटरसाइकिल को पटक पटक कर नुकसान कर दिया।**

# अफसर शाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया संघ का धरना दूसरे दिन भी जारी

**पूर्व विधायक समेत अन्य राजनीतिक दल के लोगों ने भी दिया समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अफसरों की मनमानी और मनरेगा में बीडीओ की दखल अंदाजी से तंग आकर प्रखंड के 19 पंचायत के मुखिया का प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें प्रमुख पार्वती देवी, उपप्रमुख सतेंद्र कुमार और पंचायत समिति सदस्य ने समर्थन देने का ऐलान किया। वहीं धरना का समर्थन देने बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव मंगलवार को इचाक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुखिया संघ का मांग जायज है। पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया का अधिकार का हनन अधिकारी कर रहे हैं जो अनुचित है। बीडीओ सीओ भ्रष्टाचार में डूबे हुए है। जिस कारण आम जन परेशान है। बीडीओ सीओ अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते है तो आंदोलन बड़ा रूप लेगा, जिसकी जनाबदेही उनकी होगी। अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता और संचालन मुखिया अशोक कपरदार ने किया। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि इचाक बीडीओ संतोष कुमार और सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं और कार्यालय कर्मियों पर लगाम नहीं कसते हैं इसका परिणाम बुरा होगा। मनमानी रवैया से सभी जनप्रतिनिधि आहत हो चुके हैं। संघ के संरक्षक अशोक कपरदार ने कहा कि बीडीओ और सीओ जनता के सेवक हैं उस बात का ख्याल रखना चाहिए, लेकिन वे जनता के मालिक बनकर जनता द्वारा चुनकर आए प्रतिनिधियों के अधिकार का हनन कर रहे हैं। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा मुखिया का मांग जायज है, अधिकारियों को जल्द इसपर पहल करना चाहिए। प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा की बीडीओ और सीओ रिश्वत के बगैर कोई काम नहीं करते। इसके अलावा पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद मेहता, ओमप्रकाश मेहता, सुजीत कुमार, चिरंजीवी कुमार ने भी मुखिया के आंदोलन को जायज ठहराते हुए आंदोलन में सहयोग करने की बात कही। मौके पर 19 पंचायत के मुखिया चोहन मेहता, मोदी मेहता, उमेश प्रसाद, निशु कुमारी, मीना देवी, संगीता देवी, काजल देवी, अशोक राम, सिकंदर कुमार राम, मंजू देवी, सीता देवी, सिकंदर राम, किरण देवी, सुनीता देवी, नंदकिशोर मेहता, बीना मेहता, किरण मेहता, संगीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र दास, कुशलचंद मेहता, चंदन मेहता, राकेश कुमार, दयानंद कुमार, पंचायत समिति महेंद्र पांडेय, समेत अन्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

## आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की हुई बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी का प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुचट्टी स्थित पार्टी के प्रखंड आवासीय कार्यालय में प्रखंड सह सचिव घनश्याम कुमार मेहता के अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती पर विशेष चर्चा किया गया साथ ही साथ सभी को जल्द से जल्द सभी गांव का चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को जल्द से जल्द सभी गांव का चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता तैयार हो जाये जल्द ही विधानसभा चुनाव का बिगुल बजाने वाला है साथी उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार के कार्यों से पूरा झारखंड त्रस्त है। झारखंड की जनता आजसू पार्टी को आशा भरी नजरों से देख रही है और इस विधानसभा चुनाव में झारखंड में सरकार बदलने के मूड में है। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक खड़े लोगों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं को जाने और समाधान करने का कोशिश करें। वही मौके पर उपस्थित केंद्रीय सचिव सह मुखिया अनिकेत नायक ने कहा कि बड़का गांव और झारखंड का विकास सिर्फ और सिर्फ आजसू पार्टी ही कर सकता है। 15 सालों से एक परिवार का राज्य होने के बावजूद भी बड़का गांव में कोई ऐसा काम नहीं हुआ है जिसे हम राज्य स्तर से लेकर देश अस्तर तक बता सके साथ ही साथ विस्थापन का समस्या बड़कागांव में अभी तक बना हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक, नागेश्वर तूरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, लीलाधन साव, जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, रामचंद्र साव, भुवनेश्वर महतो, निर्मल साव, दीपक कुमार, सुनील कुमार, दिनेश महतो, भुनेश्वर साव, मोहन कुमार साव, बैजनाथ साव, सुनील कुमार, देवलाल महतो, खेमलाल महतो, बैजनाथ साहू, शिबू महतो, इत्यादि लोग उपस्थित थ ।

## डीएमएफटी की बैठक में योजनाओं पर हुई चर्चा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के प्रबंधकीय एवं न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी फंड से योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रबंधकीय एवं न्यास परिषद की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट और स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में विकास के लिए कार्य किये जायेंगे। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त ने डीएमएफटी फंड में प्राप्त राशि की जानकारी ली। साथ ही डीएमएफटी फंड अंतर्गत किन किन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लंबित योजनाओं का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें और जो योजना का क्रियान्वयन किया जाना है, उन सभी योजनाओं के लिए प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य को शुरू करें। जनप्रतिनिधियों ने मध्य विद्यालय जयनगर में बाउंड्री वॉल, मरकच्चो मध्य में नाली निर्माण, थाम पंचायत में पंचायत भवन जाने के लिए सड़क निर्माण, चंदवारा प्रखंड के पुरनाडीह में मध्य विद्यालय में बाउंड्री वॉल समेत कई समस्याओं को रखा। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार जिला पंचायत राज पदाधिकारी सना उस्मानी समेत अन्य मौजूद रहे।

# पक्ष ने कहा शानदार, विपक्ष बोला लोभ-लुभावन बजट



**सुबोध कुमार उपाध्याय**
सीएमएस

रामगढ़ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना सातवां बजट मंगलवार को पेश किया गया है जिस पर सीएमएस सुबोध कुमार उपाध्याय ने अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में मध्यम वर्ग कर दाताओं को आयकर में राहत दिया गया। वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 50000 से बढ़ाकर 75000 कर दिया गया है। फैमिली पेंशनर्स के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 15000 से बढ़ाकर 25000 कर दिया गया है। न्यू टैक्स रेजिम में 3 लाख से 12 लाख तक के आय वालों के स्लैब रेट में परिवर्तन किया गया है पहले की तरह छूट की सीमा तीन लाख रुपय ही है। पहले 3 लाख से 6 लाख लाख तक के आय पर 5प्रतिशत टैक्स लगता है किंतु अब 3 लाख से 7 लाख के आय पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। पहले 6 लाख से 9 लख रुपए तक के आय पर 10 प्रतिशत लगता था किंतु अब 7 लाख से 10 लाख तक के आय पर 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। पहले 9 लाख से 12 लाख तक के आय पर 15 प्रतिशत टैक्स लगता था किंतु अब 10 से 12 लाख तक के आय पर 15प्रतिशत टैक्स लगेगा। 12 से 15 लाख और 15 लाख से ऊपर आय पर टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है।



**पंकज कुमार गुप्ता**
वरिष्ठ भाजपा नेता

पतरातू से अंतरिम बजट में निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट सराहनीय है गुप्त बातें हैं वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है.मोदी सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा नेता पंकज गुप्ता ने इसे देश के भविष्य के निर्माण का बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष कर दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। किराये के मकानों में रहने वाले मध्यम वर्ग को अपना मकान खरीदने या बनाने में मदद करने के लिए योजना शुरू की जायेगी। स्टार्ट-अप्स व सॉवरेन वेल्थ या पेंशन फंड द्वारा किये गये निवेशों को कर लाभ 31 मार्च 2025 तक किया गया है। बजट में किसानों, महिलाओं व युवाओं का खास ध्यान रखा गया है। सरकार 2014 से पहले अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र जारी करेगी। राज्यों और हितधारकों के परामर्श से अगली पीढ़ी के सुधारों का अनावरण किया जायेगा। जनसंख्या वृद्धि चुनौतियों और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से निपटने के लिए सरकार उच्चस्तरीय पैनल का गठन करेगी जो की काफी सराहनीय है।



**रणजीत सिन्हा**
भाजपा पूर्व हजारीबाग जिलाध्यक्ष

कुजू में पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरी शासन काल के पहले बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक लोक कल्याणकारी बजट पेश किया। यह बजट विकसित भारत के संकल्प का और 5 वर्षों में दुनिया में तीसरी आर्थिक ताकत बनने का बजट है। उक्त बातें भाजपा पूर्व हजारीबाग जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा किसान महिला मजदूर और विशेष कर युवाओं के लिए बेहतर बजट है। नरेंद्र मोदी के दस वर्षों के शासन में देश में जो इंफ्रास्ट्रक्चर का काम हुआ, उसके कारण युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध हुआ। पुनः युवाओं को रोजगार और विशेष कर नौकरी देने की दृष्टि से भी यह बजट काफी उपयोगी साबित होगा। जहां तक एमएसएमई सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग का सवाल है, इसमें सरकार ने इन उद्यमियों को बड़ी राहत देने की घोषणा की है। युवाओं को बड़े उद्योगों में इंटर्नशिप देने को लेकर भी सरकार ने घोषणा की है कि इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को एक वर्ष सरकार प्रत्येक माह पांच हजार रुपये देगी। कुल मिलाकर यह बजट विकास अनुमुखी बजट है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2024–25 ,PR संख्या–329395 Building (24-25). D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–06 , कार्य का नाम –Renovation work for Primary School, Huduwa, Block-Barkagaon, Hazaribag, एवं ग्रुप सं0–07 कार्य का नाम –Repair for work of Class Room Building of B.C Girls Residential High School at Matwari Block Sadar ,District-Hazaribag को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.330453 Building(24-25):D



**जगेश्वर प्रजापति**
भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

कुजू। भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगेश्वर प्रजापति ने पीएम नरेंद्र मोदी व वित मंत्री निर्मला सीतारमण के जारी आम बजट को देशहित में विकास की गति को बढ़ाने वाला बजट बताया। यह बजट भारत के विकसित भारत होने के मार्ग को और मजबूत करेगा। रोजगार के लिए इसमें जो व्यापक रोडमैप बनाया गया है, वो बहुत अभिनंदनीय है। आज का बजट से रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावे पर्यटन क्षेत्र में गरीबों के लिए अवसर लेकर आया।



**मनोज गिरी**
नगर परिषद मंडल अध्यक्ष

कुजू में भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी ने लोकसभा में वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये आम बजट को विकसित भारत के लिए शानदार बजट बताया है। मनोज गिरी ने कहा कि बजट में किसानों पर विशेष फोकस किया गया है। आम बजट में मिडिल क्लास व पिछड़ों को मजबूती प्रदान कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कृषि, महिलाओं का विशेष ख्याल रखा गया हैं। इस बजट में तीन लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।



**मनोज कुमार महतो**
अंचल सचिव

पतरातू में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पतरातू अंचल सचिव मनोज कुमार महतो ने बयान जारी कर कहा है कि वित्त मंत्री के द्वारा जो आम बजट में झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। वित्त मंत्री को पूर्व में पेश किये गये बजट के बारे में भी बताना चाहिए था कि पिछली घोषणाओं को हमने कितना पूरा किया। लोकभावन घोषणाओं से जनता को कुछ मिलने वाला नहीं है।

**कार्यालयः-जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार**
**बालिका उच्च विद्यालय परिसर लातेहार ई मेल**
**deolatehar1@gmail.com / rmsaltr@gmail.com**

**आमसूचना**

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति संख्या 593 दिनांक 11.07.2024 के माध्यम से जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के द्वारा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के विद्यालयों में स्पोर्ट्स कॉर्नर निर्माण के लिए दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से ईच्छा की अभिव्यक्ति R.F.P/ निविदा के माध्यम से एजेंसी/ आपूर्तिकर्ता का चयन करने हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गाया है। जिसमें निविदा खोलने कि तिथि 24.07.2024 को 11:00 बजे निर्धारित किया गया था। को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए पुनः दिनांक 26.07.2024 को 11:00 बजे निर्धारित किया गया है।

पत्रांक.....631
दिनांक23.07.2024

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 330500 Higher Education Directorate(24-25).D



**डॉ संजय सिंह**
भाजपा सदस्य

पतरातू में यह बजट गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए समर्पित है। यह बातें भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ संजय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया बजट बहुत ही संतुलित व सराहनीय बजट है। भारत को विश्व 47 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नौ प्राथमिकताओं पर जोर, नौकरी वह कौशल विकास पर दो लाख करोड रुपये खर्च करने का लक्ष्य किया गया है। महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं पर 3 लाख करोड़ खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है जो की सराहनीय है। टैक्स में बड़े बदलाव कर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया गया है।



**खिरोधर साहू**
भाजपा जिला महामंत्री

कुजू में भाजपा रामगढ़ जिला महामंत्री सह छोटानागपुर महाविद्यालय रामगढ़ कैंट के व्याख्याता (वाणिज्य विभाग) प्रो खिरोधर साहू ने संसद में पेश पीएम नरेंद्र मोदी सरकार 3 .0 की आम बजट को देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला और विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला जनप्रिय बजट बताया है। इसके लिए पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन किया। पीएम मोदी ने रोजगार बढ़ाने, मजदूर-किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों सहित सभी का कल्याण और देश की अनिवार्यता पर जोर देते हुए बहुआयामी उद्देश्य की पूर्ति का लक्ष्य रखा है। बजट में कई ऐसी योजनाएं लाई गई है जो भारत के लिए वैश्विक स्तर पर प्रभावकारी साबित होगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–16/2024–.25**

1.विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 01.08.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5.परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में।
2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल ,हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair for work of Class Room Building of B.C Girls Residential High School at Matwari Block - Sadar ,District - Hazaribag | 1963300/- | 40000/- | 5000/- | 3 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 330457 Building(24-25).D

## रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने किया पौधरोपण




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुण्डा के द्वारा आहूत ग्रामीण संपर्क यात्रा के तहत राजकीय मध्य विद्यालय भदानीनगर में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व सचिव रंजीत गुप्ता द्वारा स्कूल परिसर में फलदार पौधे लगाकर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पौधों की सुरक्षा का सामुहिक संकल्प लिया। मौके पर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व सचिव रंजीत गुप्ता ने बच्चों को पौधारोपण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए हमसबों को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा में पेड़ों की सहभागिता पूरे विश्व में जग जाहिर है। रोटरी पूरे विश्व में अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले रोटरी क्लब द्वारा पल्स पोलियो का अभियान चलाया गया था। इसका ऐसा असर हुआ की पोलियो को भारत से भागना पड़ा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटेरियन डॉ. एनके सिंह, रोटेरियन अजय गोयल, स्कूल की प्रधानाध्यापक रेखा देवी, बबीता देवी, मालती कुमारी, सहाना खातून, संगीता देवी का सराहनीय योगदान रहा।

## आम्रपाली चंद्रगुप्त बीएमएस इकाई ने मनाया स्थापना दिवस

टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र इकाई के भारतीय मजदूर संघ ने आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के काली मंदिर भवन में स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता यूनिट अध्यक्ष पवन कुमार, संचालन यूनिट सचिव आदर्श जागेश्वर आते राम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा विश्वकर्मा और ढेंग्री के तस्वीर पर पुष्प अर्पित और दीप जलाकर कर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पदाधिकारियों में कॉन्ट्रैक्टर के महामंत्री रमेश कुमार वर्मा, सीसीएल सीकेएस के मंत्री, कल्याण बोर्ड सदस्य मुकेश कुमार, सीसीएल सीकेएस कोषाध्यक्ष, क्षेत्रीय सचिव शिव कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य अनूप खन्ना, क्षेत्रीय कार्यसमिति रमेश कुमार सिंह ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी ने अपना अपना विचार सभी के बीच रखा। इस मौके पर कार्यक्रम आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के सदस्यों क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर गुप्ता, प्रभु महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा सदस्य रविकांत, कोषाध्यक्ष अवध कुमार, लक्ष्मण यादव, पुस्पेंद्र यादव, क्षेत्रीय सह सचिव पीयूष कुमार सिंह, पंकज, अभिषेक कुमार, दीपक, कंट्रेटर वर्कर में ओम और सैकड़ों कर्मचारी सीसीएल और कॉन्ट्रैक्टर कर्मचारी उपस्थित थे।

## रामगढ़ के नवपदस्थापित एसपी का किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के नवपदस्थापित एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में योगदान दे दिया है। नीवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने नये एसपी को पदभार सौंपा। मीडिया से बात करते हुए एसपी अजय कुमार ने कहा कि जिले में कोयला तस्करी और संगठित अपराध पर कंट्रोल करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पब्लिक संबंध को प्रगाढ़ बनाना भी मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अभी मैं जिले में आया हूं, यहां की सभी बातों को मैं गंभीरतापूर्वक देखूंगा। जिले में किस प्रकार से शांति का माहौल कायम हो इस पर मेरा ध्यान रहेगा। जिले के कुछ क्षेत्र नक्सल प्रभावित हैं, उस पर हमें काम करना है। इसमें जनता के साथ-साथ मीडिया बंधुओं का भी सहयोग जरूरी है। इसके अलावा हमारे जो पुलिस कर्मी है। इनका भी सहयोग जरूरी है। मैं चाहता हूं कि हर एक का सहयोग मुझे मिले। हमारे बैचमेट डॉ विमल कुमार जो कार्य अधूरे छोड़कर



जा रहे हैं, उसे हमें पूरा करना है। विधि व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का एक प्राथमिक कार्य है। इसके अलावा बहुत सारे कार्य हैं जो हमें देखना है ।महिला बूढ़े, बच्चे के प्रति जो अपराध होते हैं उस पर अंकुश लगाना है ।इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि पुलिस की यूनिफॉर्म हमने जो पहनी है उसपर जनता का विश्वास कायम करना है ।क्योंकि जब तक जनता का विश्वास कायम नहीं होगा, हम अपने कार्य में कभी सफल नहीं हो सकते। ऐसा देखा जाता है कि आम जनता के बीच जब पुलिस की बात आती है तो लोगों में भय का वातावरण आ जाता है। हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जनता के मन में भय नहीं होना चाहिए। बिना भय के लोग थाने में पहुंचे, अपनी समस्याओं को सुनाएं और पुलिस पदाधिकारी जनता की समस्याओं को सुनें और उसका निराकरण करें।

**कार्यालयः जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।**
**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्यादेश सं0–05 रा0(वि0), दिनांक– 13.06.2024 के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत निम्नलिखित योजना ओंका लक्ष्य प्राप्त है एवं जिसके आलोक में निम्नांकित योजनाओं हेतु लाभुकों का चयन किया जाना है। अतः निम्न योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य अनुदान | लाभुक का अंशदान | चयन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | सं0में | 796 | 50 | अधिकतम 1815/– रू | 25 प्रतिशत अथवा605 /– रू0 (इकाई लागत का) | 1. केजमत्स्य पालक होजिनके द्वारा वर्त्तमान मेंमछलीपालन किया जा रहा हो। 2. लाभुक द्वारा अपना अंष दान लगाने हेतु लिखित सहमति देनाहोगा। 3. विगत वर्षों का केज मेंमछली उत्पादन काआँकड़ा लिखित रूप मेंआवेदन के साथ संलग्न करनाहोगा। 4. सरकार का अंषदान 75प्रतिषत् (1815/–रू0 देय होगा एवं शेष अंषदान 25 प्रतिषत लाभुक द्वारा वहनकिया जाएगा।) |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | एकड़ में | 796 | 6 | अधिकतम 128000/– रू0 (प्रति एकड़) | | 1. आवेदक मत्स्य पालनसेजुड़ाहो। 2. अपनानिजी 1 एकड़ एकड़ जलक्षेत्र का सदाबहार तालाबहो। 3. ST/SC/एवं महिलावर्ग के लिए राज्य सरकार का अंषदान 128000/– रू0 प्रति एकड़ होगा शेष अंषदान लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा। |
| 3 | पुरस्कार/ सम्मान | सं0 में | 796 | 2 | अधिकतम 30000/– रू0 | | उत्कृष्ट मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप/ सम्मानित करने हेतु अधिकतम् राषि 30000/– रू0 प्रतिचयनित कृषक पुरस्कार के रूप में 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहनराषि उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दी जायेगी। |
| 4 | मत्स्य कृषकों की गोष्ठी | – | 796 789 | 650 40 | – | – | इच्छुक मत्स्य कृषक पंचायत/ प्रखण्ड स्तर परमत्स्य कृषक गोष्ठी हेतु स्थल एवं वांछित विवरणी के साथ कार्यालय में संपर्क करें। |
| 5 | जलाशय स्तरीय मछुआरों के लिए I. Card | सं0 में | 796 | 20 | – | – | जलाषयों में मत्स्य शिकार माही करने वाले मछुआरे वांछित कागजातों के साथ अपना निबंधन कराने हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है। |
| 6 | मत्स्य बीजउत्पादकोंको 03 दिवसीय प्रषिक्षण | सं0 में | 796 789 | 190 20 | – | – | |
| 7 | मत्स्य बीजउत्पादकों/ मत्स्य कृषकोंआदिको 01 से 01 दिवसीय कार्यषाला/सेमिनार | सं0 में | 796 789 | 50 15 | – | – | सभी इच्छुक मत्स्य कृषक प्रषिक्षण हेतु जिलामत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में संपर्क करें। |
| 8 | 05 दिवसीय प्रषिक्षण/विषय आधारितप्रषिक्षण | सं0 में | 796 789 | 190 35 | – | – | |
| 9 | नयेरंगीनमछलीपालन | सं0 में | 796 | 02 | – | – | नये रंगीन मछली पालन हेतु पूरक सामग्री आपूर्ति की जाएगी इसहेतु कार्यालय में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। |

नोटः–एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिए गए विवरणों के आलोक मेंसिमडेगा जिला के ऐसेमत्स्य पालकों से जो आवेदनकरने की अहर्ता रखतेहैं एंव आवेदित कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अंशदान लगाने में सक्षमहै, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाताहै।
आवेदन जमा करनेकी अंतिम तिथि :–01.08.2024
आवेदन जमा करने का स्थान :–जिलामत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।
आवेदन प्रपत्र जिलामत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकताहै।
संबंधित जानकारी एवं आवेदनप्रपत्र जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.inij भी देखा जा सकताहै।

जिलामत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।


PR 330441 Fish(24-25)D

## मानसिक दबाव बनाया जा रहा था जमादार राहुल सिंह पर
# डीआइजी की जांच में खुलासा, सौंपी रिपोर्ट

**एक निर्दोष को अभियुक्त बनाने का दबाव बना रहे थे सीनियर अफसर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ जिला के ट्रैफिक जमादार राहुल कुमार सिंह मानसिक दबाव में था। उस पर यह दबाव था कि एक निर्दोष व्यक्ति को एक बड़े मामले में आरोपी बनाया जाये। इसके लिए वह तैयार नहीं था। रामगढ़ जिला में पदस्थापित सीनियर अधिकारियों से कई स्तर पर चूक हुई है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर हजारीबाग के डीआइजी सुनील भाष्कर ने सोमवार शाम को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। सूत्रों से मिली



जानकारी के अनुसार जांच रिपोर्ट में किसी के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा तो नहीं है, लेकिन मृत जमादार राहुल कुमार सिंह के परिजनों द्वारा लगाये जा रहे आरोप ों की पुटि हुई है। परिजन यह आरोप लगा रहे थे कि राहुल सिंह पर गलत तरीके से दबाव बनाया जा रहा था। वह मानसिक तनाव में था। इसकी पुष्टि डीआइजी की रिपोर्ट में हो गयी है। मालूम हो कि रविवार को रामगढ़ के जमादार राहुल सिंह की मौत ड्यूटी के दौरान हुई थी। इसके बाद परिजनों का आरोप था कि एक निर्दोष व्यक्ति को दोषी करार देने के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा था।

### क्या है डीआइजी की जांच रिपोर्ट में

जानकारी के अनुसार जांच में पाया गया है कि रामगढ़ थाना में चोरी का एक मामला दर्ज हुआ था। इस मामले का अनुसंधानक उस समय उस थाना में पदस्थापित जमादार राहुल सिंह था। रामगढ़ के ही रहनेवाले अनिकेत को शक के आधार पर लाया गया था। थाना हाजत में उसने आत्महत्या कर ली थी। उसकी आत्महत्या पर अलग से मामला दर्ज हुआ था। 21 फरवरी को दर्ज एफआइआर का अनुसंधानक भी नियम विरुद्ध राहुल सिंह को बना दिया गया था। साथ ही उस पर यह दबाव था कि अनिकेत को ही चोरी के कांड का सरगना बताया जाये।ऐसा कर थानेदार यह चाहते थे कि इसमें राहुल फंस जाये, और वे बेदाग निकल जायें। इसके लिए राहुल तैयार नहीं था। इसकी जानकारी उसने रामगढ़ के तत्कालीन एसपी डॉ विमल कुमार को भी दी थी। उनके स्तर से भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

## सीसीएल के सिविल कार्य में बाहरी लोग काम नहीं करेंगे : संवेदक संघ

उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी स्थित जरजरा चौक में विस्थापित और स्थानीय संवेदक संघ उरीमारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संवेदक संघ के अध्यक्ष सूरज बेसरा ने की। संचालन सचिव महावीर साव ने किया। उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा परियोजना में सीसीएल के सिविल कार्य में विस्थापित और स्थानीय संवेदक ही काम करेंगे। यदि कोई बाहर का संवेदक कम रेट में काम लेकर आता है तो उसे विस्थापित और स्थानीय संवेदक संघ द्वारा काम नही करने दिया जायेगा। इस बैठक में पोटंगा पंचायत के उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, जय कुमार, लालधारी साव, चूरामन ठाकुर, बिनोद हेम्ब्रोमं, शंकर साव, सहाबीर हेम्ब्रोमं, सुरेश मांझी, राजपति कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, कुलदीप साव आनद बेसरा, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## धर्म की आड़ में धंधा करते स्वयंभू धर्मगुरु

हाल ही में हाथरस (यूपी) में एक धार्मिक आयोजन के दौरान हुई दर्दनाक घटना ने पूरे देश का माहौल गमगीन कर दिया है। मनोकामना पूरी होने की आशा में नारायण हरि उर्फ साकार विश्व हरि भोले बाबा का प्रवचन सुनने आये लाखों श्रद्धालुओं में भगदड़ मचने से 121 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें हजारों लोगों ने अपनी कीमती जान गंवायी है। कौन नहीं जानता कि ऐसी घटनाओं से आवश्यक सबक लेने और उन्हें रोकने या नियंत्रित करने के लिए प्रभावी उपाय करने के बजाय, इस बार भी इन अप्रत्याशित मौतों को किसी अदृश्य शक्ति या प्रबंधकों और प्रशासन की लापरवाही का परिणाम कह कर खारिज कर दिया जायेगा। इस भयानक घटना के इन पहलुओं के अलावा, हमें समाज में विभिन्न धर्मों के स्वयं-भू धार्मिक गुरुओं के बढ़ते प्रभाव और उनकी प्रवचन शैली से उत्पन्न होने वाले नकारात्मक परिणामों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। यह भारत की खूबसूरती है कि यहां अलग-अलग समय में अस्तित्व में आये कई धर्मों के संस्थापकों ने उस युग में समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वासों, पिछड़ी मान्यताओं और अनावश्यक रीति-रिवाजों और उनके विरोध में रुचि रखने वाले लोगों को जागरूक किया। लेकिन यह भी सच है कि हर धर्म में स्वार्थी तत्व और शासक वर्ग के लोग आम लोगों की आस्था का अनुचित फायदा उठाते हैं और रात में खुद को धर्म का दूत बता कर धर्म के नाम पर अपनी दुकानें चमकाने लगते हैं। भगवान की कृपा से करोड़ों लोगों की वास्तविक कमाई में चढ़ावे के रूप में एकत्रित धन के कारण ऐसे स्वयंभू धर्मगुरु अरबपति बनते हैं। ऐसे कई बुरे आदमी हत्या, बलात्कार, धोखाधड़ी और कई अन्य प्रकार के आपराधिक मामलों में पकड़े जा रहे हैं और लंबी जेल की सजा काट रहे हैं और कई अन्य अदालतों में आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। इन अपराधियों को उनके वास्तविक अंजाम तक पहुंचाने के लिए वे उनका इस्तेमाल राजनीतिक हितों के लिए करते हैं। धार्मिक संस्थाएं अपने अनुयायियों एवं भक्तों की श्रम शक्ति एवं आर्थिक अंशदान (योगदान) का समर्थन करती हैं, वे जरूरतमंदों की कई जरूरतें पूरी करती हैं और बहुमूल्य सामाजिक सेवाएं भी प्रदान करती हैं। लोगों के कष्टों और अज्ञानता का फायदा उठा कर वे धर्म की आड़ में अपना अधर्मी धंधा जारी रखते हैं। यदि वे पीड़ित लोगों का हाथ पकड़ते हैं और उत्पीड़तों के खिलाफ लोगों में भावना और साहस फैलाते हैं, तो वे एक पंथ या धर्म स्थापित करने का प्रयास करते हैं। हर युग में ऐसी परिस्थितियों में पीड़ित लोगों के कष्टों को दूर करने के लिए ऐसे नवोदित धर्मों का मार्ग प्रशस्त होता रहा है।

**भगवान की कृपा से करोड़ों लोगों की वास्तविक कमाई में चढ़ावे के रूप में एकत्रित धन के कारण ऐसे स्वयंभू धर्मगुरु अरबपति बनते हैं। ऐसे कई बुरे आदमी हत्या, बलात्कार, धोखाधड़ी और कई अन्य प्रकार के आपराधिक मामलों में पकड़े जा रहे हैं और लंबी जेल की सजा काट रहे हैं और कई अन्य अदालतों में आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ांवों में तमाम बड़े पेड़ विशेष रूप से नीम पर खूब झूले डाले जाते थे। आम के पेड़ों को झूलों के लिए नहीं चुना जाता था। कहा जाता था कि इसकी लकड़ी इतनी मजबूत नहीं होती कि इन पर झूले डल सकें। नारियल की रस्सी से बनाये झूले पर पटली लगायी जाती थी। कई बार दो रस्सियों के अलग-अलग झूले डाल कर, उन पर वान से बने छोटे खटोले लगा दिये जाते थे। इन पर बैठ कर छोटे बच्चे भी खूब झूल सकते थे। विशेष कर लड़कियां।**

## नयी पीढ़ी को सावन के झूलों से क्या लेना

**क्षमा शर्मा**

पड़ गये झूले सावन ऋतु आई रे। सावन के दिनों में ऐसे न जाने कितने गीत कानों में गूंजते रहते हैं। गांवों में तमाम बड़े पेड़ विशेष रूप से नीम पर खूब झूले डाले जाते थे। आम के पेड़ों को झूलों के लिए नहीं चुना जाता था। कहा जाता था कि इसकी लकड़ी इतनी मजबूत नहीं होती कि इन पर झूले डल सकें। नारियल की रस्सी से बनाये झूले पर पटली लगायी जाती थी। कई बार दो रस्सियों के अलग-अलग झूले डाल कर, उन पर वान से बने छोटे खटोले लगा दिये जाते थे। इन पर बैठ कर छोटे बच्चे भी खूब झूल सकते थे। विशेष कर लड़कियां। उत्तर भारत, विशेष तौर पर ब्रज प्रदेश में सावन के दिनों में लड़कियां अपने मायके आती थीं। वे खूब झूला झूलती थीं। साथ में सावन के गीत भी खूब गाती थीं। हथेलियों पर मेहंदी, पैरों में महावर या आलता, तरह-तरह के शृंगार व हाथों में हरी-लाल चूड़ियां।

बदले वक्त ने महिलाओं के शृंगार में बहुत परिवर्तन कर दिया है, मगर वक्त चाहे जितना बदल जाये सावन की महिमा से इंकार नहीं किया जा सकता। सावन में ही तीज आती है। तीज अविवाहित लड़कियों का त्योहार है। इस दिन पीली मिट्टी से गौरी बना कर उन्हें भी झूले की पटली पर बिठाया जाता था। उनकी पूजा पूरी-पकवान, मिठाइयों से की जाती थी। यह ब्रज प्रदेश का इकलौता त्योहार है, जो अविवाहित लड़कियों से जुड़ा है। तीज के दिन लड़कियां खूब इठलाती फिरती थीं। अक्सर उनके लिए नये कपड़े भी बनते थे। आज भी ऐसा होता है। मगर शहरों में इन दिनों काम करने वाले स्त्री-पुरुष चौबीस घंटे की नौकरी में इतने व्यस्त हैं कि बहुत-सी चीजें दिखायी नहीं देतीं। झूले भी कहीं नजर नहीं आते। हां, होटलों आदि में कई बार सावन महोत्सव मनाए जाने के विज्ञापन जरूर दिखायी देते हैं। एक समय में फिल्मों में सावन को बहुत सेलीब्रेट किया जाता था। इससे जुड़े मधुर गीत बनाये जाते थे। वे लोगों की जुबान पर चढ़ जाते थे। आज शायद ही किसी हिंदी फिल्म में सावन का उल्लास दिखता हो।

**सावन का अर्थ ही है हरियाली, बारिश की रिमझिम, पकौड़े, भुट्टे, चाट, सेवइयां, खीर आदि। गीत-संगीत।**

न जाने क्यों मान लिया गया है कि नयी पीढ़ी को इस उल्लास से क्या मतलब। एक तरफ स्त्री विमर्श का जोर है, तो दूसरी तरफ जिस माह ने स्त्रियों को इतना महत्व दिया, पता नहीं क्यों फिल्मकारों और समाज के एक वर्ग ने उसे भुला दिया या उसका महत्व कम कर दिया। सावन में ही रक्षाबंधन का त्योहार आता है। इसे फिल्मों और धारावाहिकों ने अब लगभग अखिल भारतीय त्योहार बना दिया है। अब कामकाजी लड़कियों को इतनी फुर्सत भी नहीं कि वे सावन के दिनों में पूरे महीने अपने मायके में रह सकें। इसलिए रक्षा बंधन से पहले ही आपने देखा होगा कि बसों, रेल गाड़ियों में भीड़ बढ़ जाती है। या तो बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने जा रही होती हैं या भाई अपनी बहनों से राखी बंधवाने के लिए उनके पास जाते हैं। रक्षाबंधन के दिन तो दिल्ली जैसे महानगर में सड़कों पर इतनी भीड़ होती है कि कई- कई घंटे ट्रैफिक में फंसना मामूली-सी बात है। अन्य शहरों का भी यही हाल होता होगा।

मोटरसाइकिल तेज गति से भागते नजर आते हैं। जिन पर सजी-संवरी महिलाएं बैठी रहती हैं। रक्षा बंधन के दिन किसी कंडे या उपले पर गेहूं बोए जाते हैं। इन दिनों मिट्टी के कटोरों में गेहूं के पौधे दिखते हैं। इन्हें राखी बांधने के बाद भाइयों को दिया जाता है। कई जगह उनके कान के पीछे लगाया जाता है। मतलब यही है कि स्त्रियों का मायका, उनके भाई-बांधव फूलें-फूलें, उन्हें ढेरों शुभकामनाएं। इस प्रकार से ये नवान्न के स्वागत का भी त्योहार है। और खेती, क्यारी में हमारे देश की स्त्रियों की बड़ी भूमिका भी है। वे घर में तो मेहनत करती ही हैं, खेती, क्यारी में भी हाथ बंटाने से पीछे नहीं रहतीं। पहाड़ी क्षेत्रों और हरियाणा, पंजाब में ऐसी औरतें बड़ी संख्या में देखी जाती रही हैं। देखा जाये, तो सावन लड़कियों और स्त्रियों द्वारा सेलीब्रेट करने का महीना है। और यह आज से नहीं है। परंपरा और लोक से चलता चला आया है। कहते हैं कि सावन में झूला झूलने की परंपरा इसलिए शुरू हुई कि कभी शिवजी ने पार्वतीजी को झूला झुलाया था। इसीलिए गौरी पूजन के वक्त बुजुर्ग स्त्रियां अपनी बेटियों से अक्सर कहती पायी जाती हैं कि उन्हें भी शिव जी जैसा भोला-भंडारी पति मिले। इसे राधा-कृष्ण से भी जोड़ा जाता है। पति कृष्ण की तरह प्रेम करने वाला भी हो।

दरअसल ये लड़कियों के अच्छे भविष्य की कामना है, क्योंकि अगर पति अच्छा, तो किसी भी स्त्री का जीवन सुधर जाता है। हमारे यहां स्त्रियों की सबसे बड़ी कामना या कहें कि इच्छा यही रही है कि उनका पति अच्छा हो तो जीवन ठीक से चले। पहले बहुत से लोग सावन को विरह का महीना भी कहते थे, क्योंकि महिलाएं इस माह में अपने पति से दूर रहती थीं। जो भी हो सावन स्त्रियों के महत्व को रेखांकित करता है। और करे भी क्यों न, आखिर स्त्रियों के बिना यह दुनिया चल भी नहीं सकती। वे जीवन में अनेक भूमिकाओं में होती हैं। इसलिए साल में अगर एक महीना उनके महत्व को बताने के लिए हो तो क्या बड़ी बात है। सावन का अर्थ ही है हरियाली, बारिश की रिमझिम, पकौड़े, भुट्टे, चाट, सेवइयां, खीर आदि। गीत-संगीत। तो चलिए मनायें सावन। अपने घर और आसपास की स्त्रियों-बच्चियों के महत्व को पहचानें।



**देखा जाये, तो सावन लड़कियों और स्त्रियों द्वारा सेलीब्रेट करने का महीना है। और यह आज से नहीं है। परंपरा और लोक से चलता चला आया है। कहते हैं कि सावन में झूला झूलने की परंपरा इसलिए शुरू हुई कि कभी शिवजी ने पार्वतीजी को झूला झुलाया था। इसीलिए गौरी पूजन के वक्त बुजुर्ग स्त्रियां अपनी बेटियों से अक्सर कहती पायी जाती हैं कि उन्हें भी शिव जी जैसा भोला-भंडारी पति मिले।**

# जमशेदपुर की खबरें

## गड्ढे में मिला 20 वर्षीय युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आरआईटी थाना अंतर्गत पार्वती पुर गांव स्थित तालाब के समीप स्थित गड्ढे से 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुची युवक की पहचान पर्वती पुर निवासी बीरसिंह हांसदा के रूप में किया। मृतक के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट के निशान पाया गया। शव के आंखों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मृतक के छोटे भाई विश्वनाथ हांसदा ने बताया बीते दिनों से उसका बड़ा भाई लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई अता-पता नहीं चला। पहले ढूंढा था मगर नहीं मिला था। देर रात दोबारा जाने पर देखा एक गड्ढे में उसका भाई मृत पड़ा है। उसने बताया उसके बड़े भाई की किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। ड्यूटी जाता था और घर पर ही रहता था। फिलहाल आरआईटी पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गयी है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही हैं।

## मौलाना अंसार खान ने बस्ती वासियों के साथ किया दौरा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने मानगो क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर वारिस पिया वेलफेयर कमिटी व वारिस कॉलोनी कमेटी के सेक्रेटरी मोहम्मद आबिद हुसैन, तैयबा मस्जिद के सदर मोहम्मद, इसरार खान सहित कमेटी के लोगों ने बस्ती की समस्याओं से अवगत कराया। वही तैयब मस्जिद गेट के सामने ट्रांसफर में आग लगने पर आंसर खान ने बिजली विभाग को सूचित किया। जूनियर इंजीनियर के निर्देश पर बिजली मिस्त्री हरीश के द्वारा समस्या का समाधान किया गया।वही कमेटी ने वारिस कॉलोनी मेन रोड महल इन से जाबिर पुल तक,रोड नंबर 1,रोड नंबर 2 ,रोड नंबर 3 में जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए मांग की। साथ ही सफाई,कचरे उठाव और नाली की साफ सफाई के अवगत कराया गया। वही उन्होंने बताया बारिश कॉलोनी में स्ट्रीट लाइटें काफी समय से खराब पड़ा है। मौके पर अंसार खान ने कमेटी के सदस्य और बस्ती वासियो आश्वासन देते हुए कहा जनता द्वारा दिये गये शिकायतों को मंत्री सह विधायक बन्ना गुप्ता और मानगो नगर निगम के पदाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। मौके पर मुन्ना हुसैन, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद नूर अंसारी, अफरोज खान, मोहम्मद अफजल, दानिश, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद आदिल खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## हरिणा मुक्तेश्वर धाम निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड अंतर्गत हरिणा मुक्तेश्वर धाम को पर्यटक स्थल निर्माण और सौंदर्य करण का कार्य धीमी गति से चलने और भूमिज शमशान घाट, भूमिज और आदिवासी समुदाय जाहेर स्थान, मुक्तेश्वर धाम मंदिन का सीमांकन नहीं किये जाने के साथ ही घटिया निर्माण कार्य को लेकर जिला परिषद अंश 14 सोनमोनी सरदार ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसकी शिकायत किये है। वही इस बारे में जानकारी देते हुए उन्हें प्रतिनिधि लव कुमार सरदार ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व हरिणा मेला के समय देखा गया कि निर्माण कार्य धीमी गति से होने पर मेला में आये हुए लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुक्तेश्वर धाम पर्यटक स्थल का निर्माण लगभक 24 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, जबकि उसके निर्माण कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किए हैं कि एक विभागीय टीम गठित कर इस कार्य की जांच करवाया जाए साथ ही भूमिज शमशान और भूमिज आदिवासी समुदाय का पूजित स्थल जहीर स्थान का भी सीमांकन करने को लेकर पहला नहीं किया गया है। वहां मंदिर का भी सीमांकन नहीं किया गया है यह सार्वजनिक रूप से अंकित किया जाना बाकी है जबकि चार दिवारी भी अलग-अलग निर्माण हो रहा है। जो कि आने वाले समय मे मुसीबत का सबब बनने वाला है।

## जन अधिकार मंच ने उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पर दिया धरना



**मुसाबनी(आजाद सिपाही) । घाटशिला अनुमंडल जन अधिकार मंच के बैनर तले मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया।। जिसके तहत मांग किया गया कि मुसाबनी प्रखंड मुख्यालय में एक उप स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए, एवं हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के बंद अस्पताल को भी जल्द से जल्द चालू किया जाए। इन मांगों को लेकर धरना के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि जल्द से जल्द उप स्वास्थ्य केंद्र चालू किया जाए, 23 अगस्त तक मांग पूरी नहीं होने पर जन अधिकार मंच 24 अगस्त से प्रखंड कार्यालय के समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल एवं अनशन करेगा। इस धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदास मुर्मू, मोहम्मद गुलाम, मदन मोहन सोरेन, गौरव क्रांति गुरु, मोहम्मद सनोवर, चंदू हसदा, एमडी शकील, संजय हेम्ब्रम, सुबोध मुर्मू आदि शामिल थे ।**

## कंपनी ने दिखायी नयी डिजाइन की झलक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। कपनी का जलवा दुनिया भर में अपनी 129वीं वर्षगाँठ और भारत में 24वीं वर्षगाँठ के करीब पहुँच रहा है। पूरे साल ग्राहकों और प्रोडक्ट्स से जुड़ी कई तरह की पहल करने और 2024 की शुरूआत में एक ऑल-न्?यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के बाद, इस ऑल-न्?यू कार की दूसरी झलक पेश की है। कंपनी के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा, ह्हमने 2024 की शुरूआत अपनी ऑल-न्?यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के ऐलान के साथ की थी। जो कि भारतीय सड़कों के लिए पर लोकप्रिय बनाएगी।**


## विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाने वाला बजट: अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा है कि केंद्रीय बजट सर्व समावेशी, युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट है। यह विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है। 140 करोड़ देशवासियों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को बजट गतिशीलता प्रदान करेगा। यह बजट युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। स्किल डेवलपमेंट के साथ साथ पांच वर्षों में चार करोड़ रोजगार की व्यवस्था देश के विकास में युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करेगा। गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला ये चार स्तंभों पर बजट आधारित है। पूर्वोत्तर के बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, असम प्रदेश के विकास को सुनिश्चित कर भारत में नया सवेरा लाने की दिशा में मोदी सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख की है, जिससे गरीब भाइयों बहनों को बिना किसी गारंटी के सरलता से ऋण प्राप्त होगा। बजट आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। दूरदराज के गावों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा जाएगा। देश भर के 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जायेगी। गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ा लाभ होगा। पीएम आवास योजना के तहत पूरे देश में तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे। देश के युवाओं के लिए ऐतिहासिक फैसला मोदी सरकार ने लिया है। पांच वर्षों में 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। योजना में भाग लेने वालों को 5000 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा।

## डीसी ने साप्ताहिक जनता दरबार में कई मामले का तत्काल निकाला समाधान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने साप्ताहिक जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात की। मंगलवार को जनता दरबार में स्पोर्ट्स,आर्म्स लाइसेंस, भूमि संबंधित मामले, स्कूल,आंगनबाड़ी समेत विभिन्न जनसमस्याओं से सम्बन्धी आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर डीसी ने अलग अलग प्रखंड क्षेत्र से आये जरूरतमंदों का व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं को सुन कर कई मामले में तत्काल समाधान निकाले। साथ ही अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

## बीपीएल श्रेणी के 11 लोगों को द्वारिका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 2024 के अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के 11 हिंदू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए मंगलवार को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन के लिए लाभुक तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। तीर्थयात्रियों के बस को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा समाप्त होने के बाद सभी तीर्थ यात्री 30 जुलाई 2024 को वापस लौटेंगे। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज समेत सभी तीर्थयात्री उपस्थित थे।

## लोहरदगा जिला पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यकारिणी निकाय की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यकारिणी निकाय की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश दिये गये। अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर सफाइकर्मियों/ सुरक्षाकर्मियों के लिए रिक्तियों एक सप्ताह के अंदर आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन स्थलों पर आइलव लोहरदगा व अन्य साइनेज से संबंधित सूचना पट्ट के लिए प्राक्कलन तैयार कर कार्य किये जाने का निदेश दिया गया। कुडू प्रखंड के टिको पर्यटन स्थल में रूनिया-झुनिया शहादत स्थल और कैरो प्रखंड के बौद्ध मठ को अधिसूचित कराने के लिए निर्देश दिया गया। सदर प्रखंड लोहरदगा में तैराकी खेलों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कराने हेतु निदेश दिया गया। पर्यटन स्थलों की जानकारी हेतु साइनेज लगाये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार पर्यटन स्थल धरधरिया में नक्सल घटना में शहीद हुए जवानों की स्मृति में शहीद स्मारक लगाये जाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, नामित सदस्य निशीथ जायसवाल और साईद खालिद शाह उपस्थित थे।

## टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक संपन्न




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टाना भगत समुदाय को सरकार के द्वारा मिलने वाले योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन की जानकारी ली गयी। बैठक में नि:शुल्क लगान रसीद, दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में टाना भगतों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव पर उपायुक्त द्वारा अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि टाना भगतों की ओर से जो आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन आवेदनों की जांच कर ली जाए तथा प्राथमिकता तय करते हुए सूची तैयार करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, टाना भगत को वस्त्र के लिए चार हजार रुपए का वितरण, गाय का वितरण, मनरेगा, पेंशन योजना, शिक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई और आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सांसद प्रतिनिधि, चतरा विनीत मधुकर, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, परमेश्वर टाना भगत, बहादूर टाना भगत समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांवरियों के साथ मारपीट में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो : जय श्रीराम समिति

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा से पैदल रांची के पहाड़ी मंदिर सोमवारी पर जल अर्पित करने के बाद ट्रेन से लौट रहे कांवरियों पर नरकोपी रेलवे स्टेशन पर हमला मारपीट और छिनतई की घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग जय श्री राम समिति ने की है। समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा है कि नरकोपी में हुई घटना के बाद कुछ कांवरिए अफरा तफरी के माहौल में उसी स्थान पर छूट गये थे। अपने साथियों से बिछड़ गए थे। उन कांवड़ियों ने जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने तुरंत नरकोपी थाना प्रभारी से बात कर उस स्थान का लोकेशन भेजा। पुलिस प्रशासन उस स्थान पर जाकर छूटे हुए युवकों को अपने साथ लेकर लोहरदगा पहुंची। जय श्री राम समिति हमेशा सनातन समाज और धर्म के लिए समर्पित है। छूटे हुए कांवरियों की सकुशल वापसी समिति की तत्परता से संभव हुई। लोहरदगा में बड़ी घटना होने से बच गयी। इस घटना के आक्रोश में भारी संख्या में हिंदू धर्मलंबियों ने पावरगंज सुभाष चौक को लगभग 4 घंटे जाम कर दिया था। जय श्री राम समिति के लिए सभी कांवरियों की सुरक्षा और उनकी सुरक्षित घर वापसी सबसे महत्वपूर्ण थी। प्रशासन के साथ लगातार समन्वय और संपर्क रखा गया। इस घटना की जय श्रीराम समिति कड़ी निंदा करती है और साथ ही इस घटना में जो भी सम्मिलित है उस पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

## कार और ट्रक की टक़्कर में चार घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार-गारू मुख्य मार्ग के छिपादोहार बाईपास पथ पर मंगलवार को कार और ट्रक के आमने सामने की टक़्कर मे एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गये। छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह की सक्रियता एम्बुलेंस से सभी घायल लोगो को बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद मेदिनीनगर भेज दिया गया। घायलों मे दिलीप प्रताफ,मुनी परमाला, हरितेश्वरी तृप्ति, और बसन्ता शामिल है। घायल सभी लोग आंध्र प्रदेश के बैरागी के रहने वाले है।ये लोग तिरुपति से भर्मण करते पुरी के सभी पर्यटक स्थल और धार्मिक स्थल से भर्मण करते नेतरहाट होते हुए अपने घर तिरुपति जा रहे थे।

# बजट 2024 की सराहना के साथ-साथ आलोचना भी

## यह बजट युवाओं के लिए नये अवसर प्रदान करेगा : राजकुमार पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता




राजकुमार और दीपू कुमार

**लातेहार।** लातेहार भाजपा के पूर्व चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा नेता राजकुमार पाठक ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उत्कृष्ट पूर्ण वर्ष बजट 2024 पेश करने के लिए धन्यवाद। इससे एक समृद्ध और विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। भारत के किसान, युवा, महिला और समाज के अन्य पिछड़े वर्गों के लिए कई योजनाओं का एलान किया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर, खेती, बैंकिंग, ऊर्जा, उद्योग, आर एंड डी और रक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, यह बजट युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करेगा। मैं भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त मंत्री औप प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता हूं।

**नीरस जन विरोधी, गरीब विरोधी,तथा बेरोजगार विरोधी बजट है : दीपू कुमार**

यह आम बजट जन विरोधी एवं गरीब विरोधी बजट है। भारतीय जनता पार्टी नित एनडीए सरकार ने अपने चाल और चरित्र के हिसाब से अमीरों को लाभ देने के लिए सोने चांदी पर टैक्स कम कर इसे सस्ता किया है जबकि गरीबों एवं मध्यम वर्ग के इस्तेमाल वाली रोजमर्रा की चीजों कि आसमान छूती कीमतों में इस बजट से कोई राहत या फायदा मिलता नहीं दिखता है। टैक्स स्लैब में भी मिडिल क्लास को कोई ज्यादा राहत नहीं दी गई है जबकि बेरोजगार नौजवानों के लिए भी इस बजट में कोई राहत या रोजगार के अवसर नहीं दिखते हैं। इस बजट में देश के गरीबों, बेरोजगार नौजवानों एवं मिडिल क्लास के हित की चिंता करने की जगह अपने सहयोगियों को खुश कर अपनी सरकार बचाने की चिंता ज्यादा की गई है। कुल मिलाकर यह बिल्कुल नीरस जन विरोधी, गरीब विरोधी,तथा बेरोजगार विरोधी बजट है।

## किसी को भाया, किसी को लुभाया तो किसी को मायूस कर गया बजट

आजाद सिपाही संवाददाता



शिव प्रसाद साहु

**गुमला।** वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने मंगलबार को वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया। किसी ने बजट की सराहना की तो किसी ने आलोचना। भाजपा के जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा कि इस बजट ने यह साबित कर दिया कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास कैसे चरितार्थ हो सकता है। उन्होनें कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यूवाओं के रोजगार का ममला हो या महीलाओं के सोने चांदी की बात। इन चीजों के दाम घटेंगे। कैंसर के मरीजों को राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और मोबाइल फोन पर कस्टम ड्यूटी में बड़ी कटौती की घोषणा कर के आम लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है। इसके साथ ही इम्पोर्टेड सोना, चांदी, चमड़े का सामान और सीफूड भी सस्ता हो जाएगा।

भाजपा के ज़िला महामंत्री सत्यनारायण उर्फ सत्ता पटेल ने कहा कि मोदी जी और निर्मला सीतारमण इस अच्छे बजट के लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ये बजट भारत की 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करने के उद्धेश्य से बनाया गया है। यह बजट विकासोन्मुखी है। और 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। भाजपा के ज़िला मंत्री संजय साहु ने कहा कि 2024-25 का आम बजट 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। यह हर वर्ग को समृद्द करने वाला बजट है। इस बजट से आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। हम भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रुप में देख सकेंगे। आजसू के ज़िला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला और उद्योगो को प्रगति के नए रास्ते प्रदान करेगा।

## डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सद्दाम हुसैन 29 वर्षीय, सकील अंसारी 22 वर्षीय और सलमान अंसारी 20 वर्षीय के रूप में किया गया हैं। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और भरठुवा बंदुक बरामद किया है। इस संदर्भ में मंगलवार को एसपी हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा जिला के किस्को थाना क्षेत्र के नारी धुर्वा मोड़ पर तीन अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की रणनीति बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने किस्को एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और धुर्वा मोड़ पर अवस्थित कॉलोनी के अंदर स्थित खंडहर में डकैती की योजना बना रहे तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की तलाशी के क्रम में एक अपराधी के पास से देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। छापेमारी दल में एसडीपीओ समीर कुमार सवैया, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह, एसआई महेंद्र प्रसाद यादव, एसआइ देवेंद्र हांसदा, सुरक्षा बल के जवान और टेक्निकल टीम मौजूद रहे।

## रामगढ़ के युवक की गुमला में हादसे में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग स्थित भरदा गांव के समीप एक कार की टक्कर में बाइक सवार 20 वर्षिय युवक अनमोल मिंज की मौत हो गई। जबकि 18 वर्षीय उसकी दोस्त फुलमनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगो की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां वह इलाजरत है।फुलमनी का एक पैर टूट गया है। इधर अनमोल की मौत की सूचना मिलने के बाद उसके परिजन भी सदर अस्पताल पहुँच गए है।साथ ही बेटे के शव देख बिलख बिलख कर रो रहे है।बताया जाता है कि मृतक व घायल युवती रामगढ़ जिला के केदला मांडू गांव के रहने वाले है।वहीं मृतक अनमोल युट्यूबर था।वह रिल्स व वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करता था।उसके लाखो फ्लॉवर्स है।बताया जाता है कि अनमोल व फुलमनी एक केटीएम बाइक में सवार होकर रामगढ़ से गुमला किसी दोस्त से मिलने आ रहे थे।उनके साथ अनमोल के अन्य दोस्त पवन कुमार व सूरज कुमार भी दूसरे बाइक में थे।अनमोल व फुलमनी रामगढ़ से निकलने के बाद आगे आगे चल रहे थे।जबकि पवन व सूरज पीछे पीछे थे। गुमला के उर्मी गांव में उसका नानी घर है।तभी गुमला आने के क्रम में जिला मुख्यालय पहुँचने से करीब 12 किमी दूर भरदा गांव के समीप गुमला की ओर से जा रहे एक कार ने अनमोल की बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही बाइक का परखच्चा उड़ गया।जबकि कार भी छतिग्रस्त हुआ। पुलिस घटना स्थल पहुंचकर बाइक व कार को जप्त कर थाना ले आई।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ट्रैक्टर से दबकर युवक की मौत



मृतक की फाइल फोटो

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सकरौली गांव के गणेश साहु के 32 वर्षीय पुत्र पंकज साहु उर्फ अशोक की मंगलवार शाम करीब साढ़े चार ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज अपने ट्रैक्टर से अपने ही खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलट गया, और वो ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना स्थल के पास सड़क निर्माण कर रही आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के लोडर वाहन से काफी मशक्कत के बाद पलटे ट्रैक्टर को हटाकर पंकज को निकाला गया, और तत्काल उसे रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा पंकज को मृत घोषित कर दिया गया।

### 25 को मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम जांचें : एसडीओ



**बसिया (आजाद सिपाही)।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के बारे में जानकारी दी गयी एवं दिनांक 25.07.2024 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जाने वाले नाम जांचों से संबंधित जानकारी दी गयी। एसडीओ ने जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 25.07.2024 को आप सभी अपने और अपने परिवार आस पास के लोगो को मतदान केंद्र पर जाकर अपना नाम मतदाता सूची में है अथवा नहीं अवश्य जांच करते हुए सेल्फी लेकर नाम जांचों लिखकर सोशल मीडिया जैसे फेसबुक इंस्टाग्राम , ट्विटर इत्यादि पर पोस्ट करे इसके साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किन्ही व्यक्ति का 18 साल या 18 साल से ऊपर आयु हो तो मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकता है। मतदाता सूची में किसी मतदाता की मृत्यु हो गयी हो तो वह प्रपत्र 7 भरकर मतदाता सूची से अपना नाम हटा सकता है। बैठक में लगभग सभी राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने जारी व डुमरी में किसानों के बीच किया बीज का वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य जारी दिलीप बड़ाइक ने मंगलवार को जारी व डुमरी प्रखंड में गरीब किसानों के बीच धान मकई मडवा के बीजों का वितरण किया। बीज लेने के लिए काफी संख्या में किसान आए हुए थे। वहीं बीज पाकर किसान काफी खुश दिखे। दिलीप बड़ाइक ने कहा गरीबी के कारण बहुत से किसान बीज खरीदने में असमर्थ होते हैं। जिसके कारण खेती नहीं कर पाते और जमीन खाली छूट जाता है। इसके लिए रांची से किसानों के लिए बीज मंगाया गया है। वहीं प्रत्येक किसान को डेढ़ से दो किलो बीज का वितरण किया गया। दिलीप बड़ाइक ने कहा आगे भी किसानों के बीच बीज का वितरण किया जाएगा। मौके पर दिलीप बड़ाइक ने किसानों को खेती के कई गुरु सिखाएं। वही कहा कि किसान रासायनिक पदार्थ का उपयोग कृषि के लिए ना करें। उन्होंने देहाती खाद का उपयोग करने की किसानों को नसीहत दी।

## बारियातू थाना के एसआइ धीरेंद्र घूस लेते गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** पलामू एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बारियातू थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम अपने साथ पलामू ले गयी। पलामू एसीबी की टीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि शिकायतकर्ता के भतीजा को बारियातू थाना में अफीम रखने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस कांड में फंसने की धमकी देकर बरियातू थाना के पदाधिकारी द्वारा 3 लाख रुपये रिश्वत मांगी की जा रही थी, लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा उक्त रकम नहीं देना चाह रहे थे। थाना द्वारा पैसा देने का दबाव देने के बाद इसकी शिकायत पलामू एसीबी टीम के समक्ष की। शिकायत मिलने के बाद पलामू एसीबी टीम के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा मामले की विधिवत सत्यापन किया गया। जिसमें मामला सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। धर्मेंद्र सिंह मूल रूप से अहिनौरा, मोहनिया, कैमुर, बिहार का रहने वाला है।

## डीडीसी ने घाघरा प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गुमला डीडीसी ने घाघरा प्रखंड कार्यालय का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दी। साथ ही मनरेगा कर्मियों के हुए हड़ताल के संबंध में बताया कि मनरेगा के कार्यों में किसी भी तरह की परेशानी लाभुकों को ना हो। जिसे लेकर पंचायत सचिव के माध्यम से मनरेगा कार्य को पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही मनरेगा के कनीय अभियंता हरि उरांव पर लाभुक से एमबी बनाने के एवज में घुस पैसा लेने के आरोप के संबंध में पूछे जाने पर डीडीसी ने कहा की जांच चल रही है। जांच की प्रक्रिया जल्द पूरा होने के उपरांत निश्चित तौर पर ऐसे कर्मी के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों में बीडीओ दिनेश कुमार उपस्थित थे।

## मुद्रा लोन में 20 लाख की राशि आकर्षक : हर्षवर्धन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में सातवीं बार बजट पेश करने वाली देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू ने कहा कि आज आजाद भारत में यह पहली वित्त मंत्री है। जिन्होंने सातवीं बार बजट पेश कर एक इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2024-2025 के बजट में लगातार इनकम टैक्स के स्लेप में छुट, कस्टम ड्यूटी के माध्यम से कैंसर की दवा, मोबाइल, सोने- चांदी की कीमतों को कम करना, युवाओं, महिलाओं, किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 3 लाख करोड़ की विशेष योजना के साथ मुद्रा लोन रकम को 10 लाख से 20 लाख करना इस बात का प्रतीक है की एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत देश उन ऊंचाइयों को छुने जा रहा है। जिसकी कल्पना हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी। अविनाश वर्मा ने कहा की लोकसभा में आज पेश होने वाला बजट कई मामलों में पिछले बजट से भी बेहतर है। जहां बिहार समेत कई प्रदेशों को विशेष कार्य योजनाओं के माध्यम से सहायता करने की भी बात कही गई है। उन्होंने जनहित में प्रस्तुत किए गए मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लोक कल्याणकारी और राष्ट्रहित में बताते हुए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के साथ एनडीए घटक के सभी दलों के माननीय मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और नेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भानू प्रताप शाही पर रमना थाने में एससी/एसटी एक्ट के तहत केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** विधायक भानू प्रताप शाही पर रमना थाने में एससी/एसटी और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुआ है। रमना थाने में बहियार निवासी राजेंद्र उरांव ने एफआईआर दर्ज करायी है।

मामला विगत 20 जुलाई को भाजपा की ओर से रांची में आयोजित विस्तृत कार्यसमिति बैठक के दौरान विधायक श्री शाही द्वारा सार्वजनिक मंच से प्रदेश के सीएम हेमंत सोरेन के प्रति की गई टिप्पणी से जुड़ा है। श्री शाही के उक्त टिप्पणी के बाद से आदिवासी समुदाय में गुस्सा व्याप्त है, राजनीतिक प्रतिद्वंदी भी इसे आदिवासी अस्मिता के साथ जोड़कर हमलावर हैं। राजेंद्र उरांव की ओर से विधायक भानू प्रताप शाही के विरुद्ध दिए गए आवेदन के अनुसार विगत 20 जुलाई को रांची में भाजपा के विस्तृत कार्यसमिति बैठक में विधायक भानू प्रताप शाही ने अपने संबोधन के दौरान सीएम हेमंत सोरेन को आदिवासी होने के कारण गट्टा पकड़ कर कुर्सी से उतारने की बात कहते हुए अपने कार्यकताओं से भी बार बार हामी भरवाई है। जिसका प्रसारण इंटरनेट मीडिया के साथ साथ क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मीडिया में भी हुआ है। आवेदक ने भी एक समाचार चैनल के एक्स प्लेटफार्म पर इसे देखा है। उन्होंने उक्त कृत्य आदिवासी सीएम को अपमानित करने के उद्देश्य से किया है। एक आदिवासी सीएम के संदर्भ में कही गई बातों से आदिवासी समुदाय आहत है और उसमें रोष व्याप्त है।

# बजट : गढ़वा- पलामू में किसी ने सराहा तो कोई नाखुश

## हुसैनाबाद विधायक ने आम बजट का स्वागत किया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आम बजट 2024 पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बेहतरीन बजट है।आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की गयी है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पूर्वोत्तर व पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की दिशा में बजट प्रभावी है। बजट में सभी का खयाल रखा गया है। रोजगार सृजन से लेकर अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्राथमिकता दी गयी है।

## विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट है : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** यह बजट युवाओं के विकास,स्टार्टअप इंडिया, किसानों की बेरोजगारी दूर करने वाला है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल का इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। महिलाओं के उत्थान शिक्षा एवं विकास के लिए बजट में विशेष प्रावधान है जो भारत की आधी आबादी के लिए शुभ संकेत है। इंफ्रास्ट्रक्चर,सोलर और आईटी पर विशेष फोकस है जो देश की अर्थव्यवस्था को विकसित करने में सहयोगी होगा।

## बजट मिलाजुला कर जनता को सामने रखकर बनाया गया है : सतीश कुमार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि देश का राष्ट्रीय बजट 24-25 जन उपयोगी व समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। खासकर युवा वर्ग, महिलाओं व निम्न व मध्यम वर्ग को काफी फायदा होगा। यह बजट खासकर जानलेवा बिमारी कैंसर के दवा पर कस्टम ड्युटी हटाकर बड़ी राहत दी गयी है। आधुनिक युग में खासकर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य जन उपयोगी समान सस्ते कर के बडी राहत दी है। मिलाजुला कर जनता को सामने रखकर बनायी गयी बजट काफी उपयोगी है।

## विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है : अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब,महिला,किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है।आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की है। 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के लिए घोषणायें पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करता हूं।

## बीपीएलधारी को उपर उठाने वाला बजट : भानु प्रताप



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के झारखंड के उपाध्यक्ष सहभवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही ने बजट को संतुलित, विकास के उन्मुख बताया। भानु प्रताप शाही ने कहा कि वित्त मंत्री के द्वारा प्रस्तुत किया यह बजट रोजगार सृजन करने में सहायक है भारत को थर्ड इकोनामिक बनाने में सहायक है उन्होंने कहा कि यह बजट अमृत कल का बजट है जिसमें बीपीएल धारी को ऊपर उठाना, गरीब, युवा, महिला ,किसान को सहयोग एवं लाभ पहुंचाने वाला या बजट है। मध्यमवर्गीय परिवार इस बजट से लाभवानवित होंगे नौकरी पेसा लोग को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बजट भारत को और मजबूत बनाने में सहायक होगा उन्होंने यह संतुलित और विकास के उन्मुख बजट रोजगार सृजन करने वाला बजट को पेश करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन को बधाई एवं धन्यवाद दिया है।

## सरकार बचाने का बजट : मुक्तेश्वर पांडे



**गढ़वा।** झामुमोजिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे ने बजट को चुनावी बजट एवं सरकार बचाने का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि भारत को पिछले 10 साल में जो आर्थिक नुकसान सहना पड़ा है उसको छुपाने का यह बजट है । श्री पांडे ने कहा कि यह बजट में युवा, किसान, महिलाएं के लिए कुछ नहीं है।

## रामचंद्र केसरी ने केंद्रीय बजट की सराहना की



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने केंद्रीय बजट का सराहना करते हुए कहा कि यह बजट रोजगार सृजन एवं भारत को विकास के नए पटल पर लाने वाला है। उन्होंने कहा बजट में युवा, महिलाओं ,किसान एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लिए यह बजट संतुलित है सहायक है। उन्होंने कहा कि इस बजट से आने वाले दिनों में भारत विश्व में और मजबूत स्थान को प्राप्त करेगा।

## जीवन जीने की मूलभूत सामग्रियों के दाम बढ़े : शैलेश चौबे



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि बजट में युवाओं, बेरोजगारों ,किसानों ,गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। महिला ,आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों को छला गया है उन्होंने कहा कि जीवन जीने के मूलभूत सामग्रियों के दाम को बढ़ा दिया गया है। चावल दाल एवं अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों को बढ़ाने वाला यह बजट है यह बजट अर्थव्यवस्था को नीचे ले जाने वाला बजट है। उन्होंने इसे सरकार में बने रहने के लिए कुछ विशेष लोगों को फायदा देने वाला बजट करार दिया है।

## कॉरपोरेट टैक्स में कमी कर विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाला बजट : विनोद कमलापुरी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नवजवानों के विकास के लिये, कारपोरेट टैक्स में कमी कर विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाला बजट है। इनकम टैक्स स्लैब में थोड़ा छूट दे कर एवं स्टैंडर्ड डिडक्शन को पचास हजार से बढ़कर पचहतर किया गया है, जिससे नौकरी पेशा लोगों को साढ़े सत्रह रु तक का टैक्स में बचत होगा। मध्यम वर्ग के लिए फायदे की बात है की कैपिटल गेन में छूट बढ़ाई गई है। छात्रों के लिए शिक्षा ऋण मात्र 3% पर उपलब्ध होगा साथ ही 4 करोड़ लोगो का रोजगार सृजन करने की योजना सरकार की है। महिला सशक्तिकरण करण के लिए तीन लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिन लोगों को एक लाख से कम वेतन वार्षिक होगा सरकार उन्हें 3000 मदद अलग से करेगी। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप कराने का लक्ष्य सरकार ने लगा है जिन्हें 5000 महीना इंटर्नशिप के दौरान मिलेगा।

## मोदी सरकार का बजट ऐतिहासिक है : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि मोदी सरकार का बजट ऐतिहासिक है यह बजट जनहित में लाया गया बजट है। मोदी सरकार ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। युवा महिला किसान गरीब व्यवसायी छात्र सबके लिए बजट में खास प्रावधान किया गया है। बजट में तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनेंगे श्री अन्न योजना के माध्यम से गरीबों को मुफ्त अनाज दिया जाएगा। जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। छोटे छोटे व्यवसाई के लिए मुद्रा लोन दश से बीस करोड़ बढ़ाई गई। छात्रों युवाओं को मात्र तीन प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलेगा। मोदी सरकार का बजट से लोगों में काफी उत्साह है इस बजट से भारत तेजी से विकास करेगा। मोदी सरकार का बजट देश में तरक्की का नया इतिहास रचने जा रहा है।

## आम आदमी के हित में है यह बजट : धनंजय सोनी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सोना महल के प्रोपराइटर एवं पलामू जिला स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी ने कहा कि यह बजट आम आदमी के हित में है। उन्होंने इस बजट की सराहना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बजट की घोषणा की गयी। इस बजट को आम आदमी को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। सोनाझचांदी में भारी गिरावट होने के कारण लोगों को जेवर खरीदना और आसान हो जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और इलेक्ट्रॉनिक आइटम में भी आम आदमी के हित में बजट पेश किया गया। यह बजट से आने वाला कई वर्षों तक व्यवसायियों के हित में माना जाएगा। इस संतुलित बजट से ग्राहकों का रुझान बाजार में देखने को अधिक से अधिक मिलेगा। एमएसएमइ के रूप में जो व्यवस्था सरकार में लघु उद्योग के लिए की है उससे व्यापार कर रहे छोटे बड़े उद्यमी को एक नई शक्ति ऊर्जा प्राप्त होगी।

## सभी वर्गों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है बजट : सोमेश सिंह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि यह एक शानदार बजट है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। सरकार 4 वर्ग पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। ये चार वर्ग गरीब, महिला, युवा और किसान हैं। उन्होंने कहा कि इस साल बजट थीम में 5 फैक्टर्स रखे गए हैं जो एंप्लॉयमेंट, स्किलिंग, एमएसएमई और मिडिल क्लास हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना को 5 साल के लिये बढ़ाया गया है। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ का बजट का रखा गया है।केंद्रीय बजट में सूक्ष्म–आर्थिक स्तर पर समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए वृहद–आर्थिक स्तर की वृद्धि को पूरक बनाने का प्रयास किया गया है।

## झारखंड लोकल बॉडी इंप्लाइज फेडरेशन ने मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकल बॉडी इम्प्लाइज फेडरेशन की हुसैनाबाद इकाई ने राज्य महासंघ के आह्वान पर स्थानीय विधायक को ज्ञापन दिया। अपनी छः सूत्री समस्याओं के निराकरण की मांग की। मांगों में निकाय में कार्यरत दैनिक मानदेय कर्मी का सेवा नियमित करने,वेतन के लिए सरकार द्वारा शतप्रतिशत आवंटन निर्गत करने, सेवानिवृत्त होने पर अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों की तरह लाभ देने, निकाय में पदोन्नति की सुविधा देने, आउटसोर्सिंग की मजदूरी का भुगतान सरकार द्वारा करने, निकाय कर्मियों को बीमा का लाभ देने की मांग शामिल है। स्थानीय विधायक कमलेष कुमार सिंह ने दूरभाष पर उनकी मांगों को प्रमुखता के साथ सदन में रखने की बात कही। मांग करने वालों में ओमेंद्र ठाकुर, रवि कुमार यादव, अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार पासवान, मंटू पटेल का नाम शामिल है।

## 25 को दिव्यांगों का उपकरण जांच शिविर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के परिसर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची व पलामू विकलांग संघ के सहयोग से दिव्यांगों के लिए उपकरण जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए पलामू विकलांग संघ के कोषाध्यक्ष उमेश मेहता ने बताया कि आगामी 25 जुलाई को आयोजित शिविर में दिव्यांगों की जरूरत के अनुरूप ट्राइसाइकिल, वैसाखी, व्हील चेयर, कान की मशीन आदि दी जायेगी। वही कटे हाथ पैर वालों की कृत्रिम अंगों के लिए मापी ली जायेगी। शिविर में आने वाले दिव्यांगों को रजिस्ट्रेशन के लिये अपना आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज का फोटो लाना जरूरी है। उन्होंने आयोजित शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगों को शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

## टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा पुराना बस स्टैंड के पास मंगलवार को लगभग शाम 4:00 बजे टैंकर की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गयी।

## 10 वर्ष पुराने भूमि विवाद को पथरा ओपी प्रभारी ने सुलझाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/ पलामू।** थाना क्षेत्र के पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर लोगों के बीच हो रहे विवादों को सुलझाने का काम कर रहे हैं। इनके इस सार्थक कार्यों से प्रभावित ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की है। इस दौरान मंगलवार को गिद्धि उर्फ चिरैली में तीन भाइयों के बीच 10 वर्षों से चल रहे जमीन विवाद को सुलझाने का काम किया। बता दें कि जैसे ही इन्हें गिद्धी उर्फ चिरैली गांव में अमेरिका यादव,गुलाची यादव और नंदकेश्वर यादव इन तीन भाइयों में आपसी भूमि बटवारे को लेकर विवाद गहराने की जानकारी हुई तो उन्होंने ने तुरंत संज्ञान में लिया और दल बल के साथ स्थल पहुंच कर तीनो भाइयों के बीच हो रहे झगड़े को पहले शांत कराया। इसके बाद मंटू कुमार ने ग्रामीणों की मौजूदगी में बैठक कर तीनों भाईयों के बीच भूमि विवाद को सुलझा दिया। इस दौरान तीनों भाईयों ने पुलिस पदाधिकारी और ग्रामीणों की सुझाव को मानते हुए आपसी बंटवारे को कबूल किया और शांतिपूर्वक रहने का निर्णय लिया। वहीं ग्रामीणों ने तीनों भाइयों की भूमि विवाद सुलझ जाने पर ओपी प्रभारी मंटू कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाइयों के बीच चल रहे 10 वर्षों के विवाद को सुलझा कर अपने नेक कार्य किया है।

## सिर्फ नौकरी पा लेना ही बड़ी बात नहीं, कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करना सबसे बड़ी बात : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को नया समाहरणालय के सभागार में मनरेगा के तहत नव नियुक्त 13 प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से 20 लाभुकों के बीच 2.72 करोड़ रुपए का ऋण सस्ते अनुदानित दर पर वितरण किया। इनमें झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड द्वारा चयनित लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वाहन एवं स्वव्यवसाय के लिए 2.48 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण का बैंक चेक प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण किए गए 13 उम्मीदवारों में छह सामान्य वर्ग, एक अनुसूचित जाति, तीन अनुसूचित जन जाति, एक अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा दो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा के लिए खुशियों भरा दिन है। नव युवकों को नियुक्ति पत्र व स्वरोजगार के लिए ऋण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सिर्फ नौकरी पा लेना ही बड़ी बात नहीं है, बल्कि निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना सबसे बड़ी बात है। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उनकी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की अहम भूमिका है। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ धन ही सब कुछ नहीं है। आपके निष्ठापूर्वक किये गये कार्यां से समाज में अलग पहचान बनेगी। जिन लोगों ने लोन लिया है वे राशि का सदुपयोग करते हुए अपना बेहतर भविष्य बनायें। साथ ही समय पर लोन चुकता भी करें। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि यह नियुक्ति बिल्कुल पारदर्शी तरीके से की गई है। नव नियुक्त कर्मियों को इमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। ताकि उनकी एवं जिले की छवि अच्छी बन सके। डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं लोन मिला है वे उस उद्देश्य की पूर्ति इमानदारी से करें। इस दौरान मनरेगा के तहत संविदा पर बीपीओ के पद पर नियुक्त रंजन कुमार, आदम अली, शशि भूषण कुमार, रंजीत कुमार, कुमार अभय, आनंद रजक, रौशन कुमार, सरिता कुमारी, शुभम कुमार सिंह, प्रभु टोप्पो, नीरज कुमार पाल, अंकित कुमार सिंह एवं अजीत सिंह को नियुक्ति पत्र दिया गया।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लगाये गये शिविर का जायजा लेने पांकी पहुंचे डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर युवाओं से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विश्रामपुर, पांडु, पांकी, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहाबाजार, नवा बाजार, हैदरनगर व मोहम्मदगंज में शिविर लगाया गया। इस दौरान पांकी में लगाये गये शिविर का उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ अरुण मुंडा को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑन स्पॉट ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देशित किया।इसी तरह तरहसी ब्लॉक में लगाये गये शिविर का जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने निरीक्षण किया।वहीं विश्रामपुर प्रखंड के जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिंहा ने अवलोकन किया।बुधवार को मेदिनीनगर,पड़वा,पाटन में शिविर का आयोजन किया जायेगा.सभी स्थानों पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी व विभिन्न भूमि सुधार उपसहार्ता निरीक्षण करेंगे।

**इन दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की एडवाइजरी :** प्रखंड में आयोजित हो रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं वे अपने साथ आधार कार्ड,पैन कार्ड, जाति, आवासीय, व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचे ताकि ऑन स्पॉट एंट्री कराया जा सके।

## मंदिर में शिवलिंग और नंदी प्रतिमा की स्थापना

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा स्थित शिव मंदिर में शिव लिंग और नंदी प्रतिमा की स्थापना की गई.विधिवत पूजन अर्चन के साथ आचार्य श्रीकांत मिश्रा ने प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराया. इस दौरान यजमान के रूप में अनुरंजन पांडेय और शाश्वत पांडेय मौजूद थे. बाँकी नदी तट स्थित शिव मंदिर में पहले से स्थापित शिव लिंग खंडित हो गया था. जिसके बाद उक्त मंदिर के जीणोर्धार के साथ काशी से शिवलिंग मंगाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई. भगवान को धार्मिक रूप से रुद्राभिषेक भी किया गया. प्राण प्रतिष्ठा के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने शिवघोष भी किया। उक्त मौके पर कमलेश्वर पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, इंद्र प्रताप देव, उदय प्रताप देव, शिवकुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीएलएफ पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** जेएसएलपीएस(पलास) के माध्यम से मंगलवार को गठित सभी संकुल स्तरीय संगठन के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष दीदीयों का एक्सटर्नल ऑडिट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण उत्सव गार्डन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत सभी उपस्थित पदाधिकारियों को ऑडिट की आवश्यकता, संकुल स्तरीय संगठन में लेखा संधारण, निधि समायोजन, संकुल स्तरीय संगठन में लेन देन, ऑडिट में उपयोग होने वाली जानकारियां, ऑडिट परिणामों हेतु डीब्रीफिंग प्रक्रिया एवं अन्य विषयों के बारे में जानकारी दी गई।साथ ही सभी संकुल संगठन हेतु ऑडिट की योजना बनाई गई। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक गढ़वा, जिला प्रबंधक, रंका के मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, रंका एलसीआरपी सत्येंद्र कुमार, कदमावला फर्म के प्रतिनिधि, सभी संकुल संगठन के पदाधिकारी दीदीयां एवं अन्य उपस्थित थे।

# यह आधुनिक भारत के सपने को साकार करनेवाला बजट है: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-25 का धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने स्वागत किया है। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति के साथ ही चतुर्दिक समृद्धि और विकसित भारत, आधुनिक भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है। केंद्रीय बजट 2024-25 सामाजिक न्याय, समानता और समान अवसर की अवधारणा को चरितार्थ करने वाला एवं आधुनिक भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का हार्दिक आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि



सांसद ढुल्लू महतो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में यह बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभांवित करने वाला है।

पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी यात्रा को दशार्ते हुए, मोदी सरकार का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने के साथ आजादी के 100वें वर्ष तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक प्रभावी बजट है।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में भारत ने खुद को विश्व के सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिस्थापित किया है। इस बजट से भारत की विकास यात्रा को और बल मिलने जा रहा है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रियंका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के समूचे आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु निरंतर कार्यरत है, जिसकी झलक हमें इस बजट में देखने को मिलती है।

धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भारत को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रखते हुए विकसित भारत संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज का बजट नये अवसर, नयी ऊर्जा लेकर आया है। ये ढेर सारे नये रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है। आज का बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की प्रक्रिया में काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा।



पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह

जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की मजबूत इमारत, विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने, देश का सर्वांगीण विकास, युवाओं महिलाओं गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित शानदार बजट है।



जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी

भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-2025 एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला को और सुदृढ़ करने वाला है, जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों के सशक्तिकरण की दिशा के अत्यंत प्रभावी होगा।



महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय

# इस बजट से रोजगार और स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा : बिरंची नारायण

**यह बजट मध्यम वर्ग और पिछड़ों को मजबूत करने वाला बजट : विधायक बिरंची नारायण**

आजाद सिपाह संवाददाता

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2024 - 25 बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने आम बजट को विकास की गति को बढ़ाने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस बजट से रोजगार, स्वरोजगार किसान और पर्यटन क्षेत्र में यह बजट गरीबों के लिए अवसर उत्पन्न करने पर फोकस किया गया है। नारायण ने कहा कि साथ ही उन्होंने कहा कि यह बजट सभी को शक्ति देने वाला है। ये बजट भारत की 5 ट्रिलियन



इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करेगा। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है यह आम बजट 2024-25 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है।

# बजट में मध्यम वर्ग को इनकम टैक्स स्लैब में छूट का फैसला स्वागतयोग्य : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने आम बजट 2024-25 पे प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, आज के बजट में मध्यम वर्ग को इनकम टैक्स स्लैब में छुट के फैसले का स्वागत करते हैं। यह बजट देश के युवाओं के लिए राजगरोन्मुख बजट है। सरकार ने जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए 'पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' शुरू करने की घोषणा की है, इस अभियान से 63 हजार गांवों के लगभग 5 करोड़ जनजातीय बहन -भाई लाभान्वित होंगे। भारत के पूर्वी क्षेत्र के विकास को नयी गति देने हेतु इस बजट में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और आंध्र



प्रदेश के लिए 'पूर्वोदय' योजना की घोषणा की गयी है, इस योजना से इन क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर, मानव संसाधन, रोजगार और आर्थिक विकास के अवसरों को नयी ऊर्जा मिलेगी और विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। आम बजट 2024- 25 विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ ही गांव, गरीबों किसानों, युवाओं, उद्यमियों के आर्थिक और सामाजिक विकास की परिकल्पना को पूरा करेगा यह बजट राष्ट्र समेत सभी राज्यों के समावेशी विकास को भी बल प्रदान करेगा। इस बजट में भारत के विकास के लिए दूरदर्शिता साफ- साफ नजर आती है। इस जन कल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार अभिनंदन किया।

# यह बजट निराशाजनक और भ्रामक है : सीता

**महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष कुछ बजट में नही किया गया है : जिलाध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बजट 2024 निराशाजनक और भ्रामक है। महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष कुछ बजट में नही किया गया है। स्वाबलंबन और रोजगार को बढ़ावा देने के क्षेत्र में पूर्व की घोषणा भी धरातल पर नही आई। एम एस एम ई की ऋण योजना गरीब महिला और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को नही मिला। कौशल विकास के नाम पर सरकार ने युवा वर्ग के साथ धोखा पहले भी किया और इस बजट में भी कुछ उत्साहवर्धक नही है। देश के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और रोजगार सृजन



के क्षेत्र में मोदी सरकार और निर्मला सीतारमण का बजट पूरी तरह विफल रही है। वहीं करदाताओं को कोई छूट नही दिया गया बल्कि कर स्लैब को तीन लाख कर भार बढ़ाया गया है। जिससे कर दाताओं को नुकसान होगा। बजट 2024 एक ऐसे आदर्श वाक्य पर निर्भर है जो वास्तविक जीवन में कभी फलीभूत नही होता। बजट पूरी तरह से भ्रामक और लोगों को गुमराह करने वाला है।

# तीरंदाजी संघ ने अनिल बांसफोर को किया सम्मानित

**27 से 31 जुलाई तक हांगकांग में शटलकॉक प्रतियोगिता में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को धनबाद जिला तीरंदाजी संघ द्वारा धनबाद के जाने माने पदक विजेता खिलाड़ी के अनिल बांसफोर को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनकर और बुके देकर सम्मानित किया गया। अनिल बांसफोर हांगकांग में आयोजित होने वाले शटलकॉक प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने 26 जुलाई को हांगकांग जा रहे हैं। जहां 27 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रतियोगिता होने जा रहा है। अनिल के इस उपलब्धि पर आज धनबाद जिला तीरंदाजी संघ द्वारा



उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मान दिया गया। धनबाद सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता जेएन सिंह, मजहर खान, वीरेंद्र रजक, मंगलेश सिन्हा ने अनिल को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह का संचालक तीरंदाजी संघ के महासचिव सह अधिवक्ता जुबेर आलम ने करते हुए अनिल बांसफोर को इसके लिए बधाई दी और उनके मनोबल को बढ़ाया इस अवसर पर अधिवक्ता दिलीप साहू, किशोर कुमार, शशि भूषण सिंह, चंचल चटर्जी, राजेश्वर सिंह यादव, लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर सुनील बांसफोर, अमरजीत बांसफोर, मुकेश, तलवारबाजी के रूपेश, नितेश, अखिलेश सहित बहुत सारे खिलाड़ी उपस्थित थे। समारोह के अंत में तारक नाथ दास ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डोमेस्टिक स्टील की खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद : सेल अध्यक्ष



बोकारो। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने 'बजट 2024' पर कहा कि सरकार ने अंतरिम बजट की ही तरह बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को बरकरार रखा है, जो बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए भारी वित्तीय सहयोग को सुनिश्चित करता है। शहरी आवास, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क आवागमन को बेहतर बनाने और विभिन्न कॉरीडोर के विकास पर फोकस करने से डोमेस्टिक स्टील की खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# 48 घंटे के अंदर रैयतों को नियोजन और मुआवजा पर सहमति नहीं बनी तो होगा आंदोलन: जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर कालीस्थान के रैयतो ने जीनागोरा एफ पैच का ट्रांसपोर्टिंग ठप कर बीसीसीएल प्रबंधन खिलाफ धरना दिया। ग्रामीणों के पक्ष में वार्ता के लिए पूर्व मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो मौजूद थे। ट्रांसपोर्टिंग ठप की सूचना पाकर लोदना के महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती ग्रामीणों से वार्ता करने के लिए धरना स्थल पहुंचे। कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो और महाप्रबंधक के बीच वार्ता हुई।



वार्ता के दौरान कार्यकारी जलेश्वर महतो ने महाप्रबंधक को फटकार लगाया। और कहा कि ग्रामीणों को एक तरह रिवॉल्वर दिखाया जा रहा तो दूसरी और कलम का धौंस दिखाकर डराया धमकाया जा रहा है। तो ग्रामीण किसान कैसे हक की लड़ाई लड़ेगा।

48 घंटे के अंदर रैयतों का मामला निष्कर्ष और निष्पादन नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन किया जायेगा। रैयत संजय महतो ने कहा कि जीनागोरा से निकलने वाली सड़क मेरी खतियानी जमीन पर है। जो कुल पांच एकड़ पैंतालीस डिसमिल है। उक्त जमीन पर बीसीसीएल काम कर रही है। जिसको लेकर कई बार प्रबंधन से वार्ता हुई। लेकिन आज तक प्रबंधन मुआवजा और नौकरी नहीं दिया। जिसके कारण बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ रहा है। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन को होगी। देव प्रभा के भौरा आउटसोर्सिंग जिनागोरा आउटसोर्सिंग में लगातार विरोध को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 163 के तहत लगाया निषेधाज्ञा। इधर ग्रामीण रैयत संघर्ष समिति द्वारा दूसरे दिन भी धरना जारी है।


**उपायुक्त-सह-दण्डाधिकारी का कार्यालय , गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**
ईमेल –awc3.monitoring@gmail.com

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिले के वन स्टॉप सेन्टर, गुमला कार्यालय हेतु किराये पर व्यावसायिक वाहन रखा जाना है। उक्त निमित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला द्वारा किया जाएगा।

अतः इच्छुक फर्म/निविदादाता/वाहन मालिक अपनी निविदा को आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला में दिनांक 31.07.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा विकास भवन सभागार में दिनांक 31.07.2024 को 3:30 बजे अपराहन में खोला जाएगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला

PR 330400 Women, Child Development & Social Security(24-25)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

(3rd Call)

Very Short Notice Inviting e-quotation.

Notice :- WRD/MID, KODERMA-07/2024-25, Date-23.07.2024

Government of Jharkhand through its Public Work Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/ Materials annexed as Annexure- I for Construction Work from Quarry Owner/Crusher Owners/Reputed Manufacturers/ authorized dealers/Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure work and repair works shall be submitted online in the website http://jharkhand tenders.gov.in. Details of Materials and its specification are available on the above e-tender Portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of Materials online from 27.07.2024 at 10:30 hrs. to 02.08.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 05.08.2024 at 14:00 Hours.

The Quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication: -**
**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Koderma**
**Mobile No. :- +91 99391 93214**
**Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in**

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,Koderma

PR 330430 Minor Irrigation(24-25).D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, CHAS**
**ITI MORE, CHAS, PIN-827013, Email ID- esechas011@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (Price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of civil works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of Work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ including GST @ 18 % (Non-refundable) (In Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 53/PR/ JBVNL/ 2024-25 | Sinking of 200/165 mm dia HYDT deep bore well with allied work related to water supply system at Electric Supply Sub-division, Gomoh under Electric Supply Circle, Chas. | 3,22,650=00 | 6,500=00 | 885=00 | 30 Days |

| | |
|---|---|
| Last date and time for sale of BOQ/ Tender documents | 12.08.2024 upto 5:00 pm |
| Last date and time for physical submission of tender documents | 13.08.2024 upto 2:30 pm |
| Date and time for opening of tender Part-I (Technical and Commercial) | 13.08.2024 at 3:00 pm |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | Further communicated |
| Tendering Officer and address for communication | DGM(Tech), ESC-Chas |

1. Tender documents with BOQ including term& conditions, specification etc. can be purchased on mentioned cost from the office of the undersigned during office hours upto last date of sale of BOQ /Tender documents.
2. Demand Draft from any nationalized/Scheduled bank of India towards cost of BOQ and Earnest money may be made in favour of **Accounts Officer, Electric Supply Circle, Chas,** payable at **Chas**.
3. The tenders will be received through offline tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
DGM (Technical)
ESC, Chas

PR.NO.330326 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 11/2024–25**

दिनांक 22/07/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | कर्जन ग्राउण्ड, हजारीबाग में आर0सी0सी0 नाली एवं पेभर ब्लॉक का निर्माण। | 4640900 | 5000.00 | 93000.00 | चार माह |
| 2 | सदर | प्रमण्डलीय पुस्तकालय (रूकमनी भवन) हजारीबाग में ए0सी0 का अधिष्ठापन। | 1552800 | 5000.00 | 32000.00 | दो माह |
| 3 | चुरचू | प्राथमिक विद्यालय, कजरी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 4923900 | 5000.00 | 99000.00 | छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 06.08.24 से 14.08.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.08.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 330336 District(24-25)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

**Very Short**
**e-Procurement Notice**

e-Tender Refrence No. – National Rural Employement Program, Ranchi./RANCHI-13/2023-24 Date :-

| Sl. No. | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Mone (Lakh) | BOQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मदरसा गौसिया गौसनगर मनीटोला डोरण्डा, राँची में 50 शैय्या बालक छात्रावास निर्माण। | 2,95,77,600/- | 5,91,600/- | 10,000/- | 12Months | कार्य के अनुरूप |
| 2. | BMC Hostel कांटाटोली राँची में 50 शैय्या बालक छात्रावास निर्माण। | 2,95,77,600/- | 5,91,600/- | 10,000/- | 12Months | कार्य के अनुरूप |
| 3. | फातिमा गर्ल्स एकेडमी ईटकी राँची में 30 शैय्या बालिका छात्रावास निर्माण। | 2,24,83,500/- | 4,50,000/- | 10,000/- | 12Months | कार्य के अनुरूप |
| 4. | दारूल ओलूम कासमिया बलसोकरा में 30 शैय्या अल्पसंख्यक बालक छात्रावास निर्माण। | 2,24,83,500/- | 4,50,000/- | 10,000/- | 12Months | कार्य के अनुरूप |
| 5. | Mode of Submission of tender | **Online through www.jharkhandtendrs.gov.in** | | | | |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | **Start Date 29.07.2024 to 11.00 AM** | | | | |
| | | **End Date 03/08/2024 up to : 2.00 PM** | | | | |
| 5. | Bids online Submission | **Start Date 29.07.2024 Time : 11.00 AM** | | | | |
| | | **End Date 03/08/2024 Time : 2.00 PM** | | | | |
| 6. | Technical Bid Oppening Date | **Date 05/08/2023 Time : 11.00 AM** | | | | |
| **Officer Inviting Bids** | | **Executive Engineer** | | | | |
| | | **National Rural Employement Program, Ranchi.** | | | | |
| | | **Address : National Rural Employement Program, Vikash Bhawan, Ranchi.** | | | | |

Executive Engineer
National Rural Employement
Program, Ranchi.

PR 330380 (NREP) 24-25 (D)

## 24 घंटे में अंगुल जिले में सबसे ज्यादा बारिश आठमल्लिक में दर्ज की गयी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य के अधिकांश हिस्सों में लघुचाप जनित बारिश जारी है। पिछले 24 घंटों में अंगुल जिले के आठमल्लिक में सबसे अधिक 101 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। इसी तरह अंगुल जिले के टिकरपड़ा में 96.8 मिमी, बअंरपाल में 92.6 मिमी, नयागड़ जिले के बरमुल में 88.8 मिमी, कोरापुट जिले के सिमिलिगुड़ा में 84.0 मिमी, अंगुल जिले के अंगुल में 83.0 मिमी, कोरापुट जिले के लमतापुट में 74.2 मिमी ढेंकनाल जिले के हिंदोल में 71.8 मिमी, नुआपड़ा जिले के नुआपड़ा में 70.8 मिमी, मालकानगिरि जिले के मालकानगिरि में 68.6 मिमी, माथीली में 66.0 मिमी, बौध जिले के बौधगड में 64.2 मिमी, सोनपुर जिले के तरवा में 62.4 मिमी. और पुरी जिले के पुरी में 59.4 मिमी. बारिश दर्ज की गयी है।

## प्रदीप ने खोरधारोड के अपर मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार संभाला



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रदीप कुमार बेहरा ने खोरधारोड के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) का कार्यभार संभाल लिया है। प्रदीप कुमार बेहरा, भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसईई) ने पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) के रूप में कार्यभार संभाला है। इससे पहले, वे मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण)-II, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर के रूप में कार्यरत थे। प्रदीप कुमार बेहरा भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसईई) के 1998 बैच के हैं। उन्होंने एनआईटी, राउरकेला से बी-टेक किया है। उन्होंने पूर्व तट रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है, जैसे कि मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन), खोरधारोड और वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), खोरधारोड आदि।

# किम्स के डॉक्टरों ने जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 10 दिन के बच्चे को बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किम्स में नियोनेटोलॉजी, कार्डियोलॉजी और कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग ने प्रभावशाली समन्वय और परिश्रम का प्रदर्शन करते हुए गंभीर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 10 दिन के बच्चे की सफलतापूर्वक जान बचायी है। बच्चे का वजन 2.2 किलो था और उसे जन्मजात हृदय रोग के संदेह के साथ किम्स भेजा गया था। नवजात शिशु को जन्म से ही ऑक्सीजन की आवश्यकता थी और उसका ऑक्सीजन स्तर लगातार कम था। पहुंचने पर, ऑक्सीजन समर्थन और दवा के साथ भी बच्चे की ऑक्सीजन संतृप्ति 70 प्रतिशत से कम थी।

छाती के एक्स-रे और इकोकार्डियोग्राफी का उपयोग कर- के आगे की जांच से पल्मोनरी एट्रेसिया नामक स्थिति का पता चला, जहां दोनों फेफड़ों में रक्त का प्रवाह गंभीर रूप से प्रतिबंधित है। इस स्थिति वाले बच्चे जीवित रह सकते हैं, यदि उनके फेफड़ों में अतिरिक्त रक्त की आपूर्ति हो, जैसे कि पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस (पीडीए), लेकिन स्वाभाविक रूप से होने वाला यह संबंध अक्सर जन्म के तुरंत बाद बंद हो जाता है। ब्लालॉक-टॉसिग (बीटी) शंट जैसे सर्जिकल विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन इसमें महत्वपूर्ण जोखिम हैं, खासकर 2.5 किलोग्राम से कम वजन वाले शिशुओं के लिए। डॉ. आशीष रंजन महाकुड़ के नेतृत्व में बाल हृदय रोग दल ने नियोनेटोलॉजी इकाई और कार्डियक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. अशोक बडमाली के साथ मामले का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने एक कम आक्रामक लेकिन अत्यधिक प्रभावी दृष्टिकोण पर निर्णय लियाः डक्टस आर्टेरियोसस को फैलाना और स्टेंट करना, एक प्राकृतिक संबंध जो बंद होने लगा था।

प्रक्रिया के बाद, शिशु के ऑक्सीजन स्तर में सुधार हुआ, जो 90 प्रतिशत से ऊपर बढ़ गया। तत्काल जीवन-घातक स्थिति का समाधान हो गया, और बच्चा कमरे की हवा में ऑक्सीजन के स्तर को बनायें रखने और भोजन लेने में सक्षम हो गया। इस सफल हस्तक्षेप ने अधिक आक्रामक सर्जरी की आवश्यकता को भी कम कर दिया, जिससे इतने युवा रोगी में लंबे समय तक एनेस्थीसिया और रिकवरी से जुड़े जोखिम कम हो गये।

नवजात शिशु को स्थिर और तैयार करने वाली नियोनेटोलॉजी टीम, गहन स्टेंटिंग प्रक्रिया करने वाली कार्डियोलॉजी टीम और एनेस्थेटिक टीम के बीच सटीक समन्वय, किम्स अस्पताल में रोगी-केंद्रित देखभाल और बाल हृदय विज्ञान में प्रगति के शिखर का उदाहरण है।

# सोआ में वियतनाम का सांस्कृतिक दल अपने देश की कला-संस्कृति का प्रदर्शन करेगा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। वियतनाम के निन थुआन प्रांत से एक सांस्कृतिक समूह मंगलवार को शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (सोआ) पहुंचा। सांस्कृतिक समूह नृत्य और संगीत के माध्यम से अपने देश की प्राचीन कला और संस्कृति का प्रदर्शन करेगी। वियतनाम के निन थुआन प्रांत के संस्कृति, खेल और पर्यटन विभाग के उप-निदेशक वान कोंग होआ के नेतृत्व में टीम बुधवार शाम को सोआ ऑडिटोरियम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इस मंडली के सदस्यों को चाम नृत्य (जिसे अप्सरा नृत्य भी कहा जाता है) का प्रदर्शन करना है, जिसमें ओडिशा के शास्त्रीय नृत्य के साथ कई समानताएं हैं। इसी प्रकार, उनके अन्य नृत्य भी उड़िया पाइक नृत्य प्रतीत होते हैं। भुवनेश्वर पहुंचने के बाद श्री होआ ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) मनोजरंजन नायक से शिष्टाचार मुलाकात की। इसी तरह, उनकी पार्टी के सदस्यों ने सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद से मुलाकात की और चर्चा की।

## नकली सॉस फैक्ट्री का भंडाफोड़

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भीमटांगी में नकली सॉस फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। कमिश्नरेट पुलिस स्पेशल स्क्वाड की छापेमारी में यहां से कई क्विंटल नकली टमाटर और चिली सॉस जब्त किया गया है। फैक्ट्री से सॉस बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल और पैकिंग मटेरियल भी जब्त कर लिया गया है। सॉस पर स्टीकर लगा है कि यह अम्रिता कंपनी का है, लेकिन निर्माण की तारीख और समाप्ति तिथि आदि के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं.- टी.एम. ई-निविदा ओपेन/02/24-25 दिनांक: 18.07.2024.
उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, मुगलसराय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है:-
ई-निविदा बंद होने की तिथि: 19.08.2024
1. निविदा केस सं.- कार्य का नाम एवं लोकेशन : 4आर.टी.टी.एम.बीसीएम सर्विस-आर.बी.-23 सेवा के दायरे के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे के सभी ब्राड गेज मार्गो पर अपने मसीनों का उपयोग कर सभी प्रकार की मुख्य लाईन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग करना, मसीनों एवं सभी अकास्मिक साइटों के संचालन एवं रख-रखाव अपने स्वयं के समान, उपयोग्य समाग्रियों एवं कर्मचारियों का उपयोग कर सेवा देने हेतु। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,53,43,61,512.84, 3. जमानत राशि : ₹1,00,00,000/-, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 19.08.2024, 16.00 बजे तक। 5. वेबसाईट जिस पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी है : www.ireps.gov.in
उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)/
प्लांट डिपो/पूमरे/मुगलसराय
पीआर/00735/पीडीएम/अभि./टी/24-25/36

# वेदांता एल्युमीनियम समर्थित कबड्डी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**ओडिशा के रायगडा के दो कबड्डी खिलाड़ी अब आगामी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम द्वारा समर्थित दो कबड्डी खिलाड़ियों ने छठी खेल विकास और संवर्धन महासंघ (एसडीपीएफ) कबड्डी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में ओडिशा का प्रतिनिधित्व किया। रायगडा जिले के सिजिमाली के टंकधर नाइक और लेपुल्या नाइक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे टीम को राज्य के लिए रजत पदक जीतने में मदद मिली। आभार व्यक्त करते हुए टंकधर नाइक ने कहा, हम नासिक में नीलेश राणे युवा प्रतिष्ठान और खेल विकास और संवर्धन संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में अपने राज्य के लिए रजत पदक जीतकर बहुत खुश हैं। सिजिमाली से उनके साथी और पड़ोसी लेपुल्य नाइक ने कहा, हम वेदांता एल्युमीनियम की सीएसआर टीम के समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हैं। हम न केवल ओडिशा बल्कि देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए उत्सुक हैं। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों की टीमें शामिल थीं। इस सफलता के आधार पर, टंकाधर और लेपुल्या अब नेपाल में एक अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। वेदांता एल्युमीनियम इन खिलाड़ियों को जरूरी उपकरण मुहैया कराता है और उनकी यात्रा का खर्च वहन करता है, जिससे जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है। इन दोनों एथलीटों की सफलता इस बात को रेखांकित करती है कि स्थानीय एथलीटों की क्षमता कितनी ज्यादा है, जब उन्हें सही अवसर और समर्थन दिया जाये। स्थानीय अधिकारियों, कल्याण संगठनों और समुदाय के सदस्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से, वेदांता एल्युमीनियम ग्रामीण ओडिशा में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाता है।

## पूर्व तट रेलवे ने खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना में सुरंग कनेक्शन कर एक और उपलब्धि हासिल की



भूवनेश्वर(आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने सुरंग बनाने के काम में एक और मील का पत्थर पार कर लिया है। खोर्धा रोड-बलांगीर रेल लिंक परियोजना (301 किमी) के निर्माण में लगी रेलवे के निर्माण विभाग की इंजीनियरिंग टीम आज माधापुर वन क्षेत्र के सुदूर आरक्षित वन क्षेत्र के अंतर्गत आढेणीगड-चारीछक रेल खंड के बीच 4185 मीटर लंबी सुरंग के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली एक लंबी सुरंग का सफल काम कर रही है। खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना के कुल 301 किलोमीटर में से 152.805 किलोमीटर चालू हो चुका है। परियोजना के शीघ्र पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे इस लाइन का निर्माण दोनों तरफ से कर रहा है, यानी खुर्दा रोड और बलांगीर से। अब तक, खुर्दा रोड से दसपल्ला तक 105.8 किलोमीटर और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किलोमीटर की दूरी चालू हो चुकी है। इसके अलावा सोनपुर से झरमुंडा तक 28.765 किमी की दूरी भी पूरी हो गयी है। सोनपुर से पुरूणाकटक तक का लगभग 73 किलोमीटर का खंड अगले कुछ महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना का निर्माण तय समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। सुदूर उपनगरीय क्षेत्रों में रेलवे लाइनें बनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इस परियोजना की रेल मंत्रालय द्वारा बारीकी से निगरानी की जाती है। निर्माण कार्य में तेजी लाने और परियोजना को जल्द पूरा करने के उद्देश्य से रेलवे दोनों तरफ से परियोजना का निर्माण कर रहा है। रेलवे परियोजनाओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे पूर्व भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, अतिक्रमण उपयोगिताओं का हस्तांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से कानूनी मंजूरी, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक टपोग्राफिक स्थितियां आदि।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments



Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# बजट को मजबूत भारत की दिशा में कदम बताया केंद्रीय मंत्रियों ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रियों ने मंगलवार को संसद में पेश मोदी 3.0 सरकार के पहले बजट को मजबूत भारत की दिशा में कदम बताते हुए इसकी सराहना की है।

## पीएम के विकसित भारत के संकल्प को रेखांकित करता है बजटः चौहान



केंद्रीय कृषि किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि और किसान कल्याण और ग्रामीण विकास को लेकर आवंटित बजट पर कहा कि आज पेश हुआ बजट भारत के अमृत काल का बजट है। यह बजट देश के विकास और गरीबों के कल्याण का बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता, विजन और विकसित भारत के संकल्प को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा है गांव और प्राण हैं किसान, आज का बजट ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र की प्रगति में नये आयामों को स्थापित करेगा। वर्ष 2047 का हमारा भारत कैसा होगा? एक सशक्त, समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट किसान, महिला, युवा और गरीब लोगों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है। यह बजट किसानों की आय को बढ़ाने, मजबूत अधोसंरचना, स्वस्थ भारत, सुशासन, युवाओं के लिए अवसर, सभी के लिए शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, समावेशी विकास का संकल्प और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रिकॉर्ड सातवीं बार बजट पेश किया है। यह बजट हर वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास इस बजट में वह साफ प्रतिलक्षित होता है। यह बजट नारी शक्ति के उत्थान तथा विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा बजटः नितिन गडकरी



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह उन्नत बुनियादी ढांचे, नवाचार और अगली पीढ़ी के सुधारों के साथ समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग का विकास होगा। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह दूरदर्शी बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार व्यक्त किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रगतिशील ब्लूप्रिंट कृषि की पैदावार को बढ़ावा देने, रोजगार और कौशल को संवर्धित करने तथा मानव संसाधन और सामाजिक न्याय को बढ़ाने का वादा करता है। गडकरी ने कहा कि यह बजट विनिर्माण और सेवाओं, शहरी विकास और ऊर्जा सुरक्षा में प्रगति को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे, नवाचार, अनुसंधान और अगली पीढ़ी के सुधारों पर विशेष ध्यान देने सहित यह बजट सभी क्षेत्रों में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति संभव बनाता है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वल और बेहद समृद्ध भविष्य हमारी बाट जोह रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में अग्रगामी सोच रखने वाला यह बजट सतत विकास, नवाचार और स्थायी प्रगति को बढ़ावा देता है तथा भारत के लिए लचीला और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है।

## नये और समग्र विकास का रोडमैप प्रदान करता है बजटः सर्बानंद सोनोवाल



केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि बजट गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता के विकास पर आधारित है और नये और समग्र विकास के लिए रोडमैप प्रदान करता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस दूरदर्शी दस्तावेज को प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद दिया। बजट रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई, कृषि और निवेश-आधारित आर्थिक विकास पर भारी जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि बजट में पहचाने गये चार विषयों और नौ प्राथमिकताओं का समाज के सभी वर्गों द्वारा स्वागत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट भारत के शिपिंग, क्रूज, जहाज निर्माण और जहाज मरम्मत उद्योग को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ायेगा, रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा और निर्यात को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में भारत का कद ऊंचा करने की दिशा में पूरी ताकत से आगे बढ़ रहे हैं।

## भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने की ऊर्जा देगा बजटः भूपेंद्र यादव



केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 समाज के सभी वर्गों-युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के लिए रोजगार और अवसरों के एक नये युग की शुरुआत करके भारत के विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने के प्रयासों को ऊर्जा प्रदान करता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि भविष्योन्मुखी बजट विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखता है, जहां विकास हरित और समावेशी होगा। उन्होंने विकासोन्मुखी दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## किसानों और नौजवानों की पक्की नौकरी का इंतजाम नहीं: अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्रीय बजट पर कहा कि जब तक किसान और नौजवानों की पक्की नौकरी का इंतजाम नहीं होगा, तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा। अगर हम उत्तरप्रदेश को देखें तो निवेश की स्थिति क्या है? इनके जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं वे कभी समय पर पूरे नहीं हुए। अच्छी बात है कि बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है, लेकिन उत्तरप्रदेश जैसा राज्य जो प्रधानमंत्री देता है, क्या वहां के किसानों के लिए बजट में कुछ है?

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU



Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**